हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री



12 दुर्ग आयुक्त ने वार्ड सफाई व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश



13 निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता पर ध्यान देने दिए निर्देश



## खबर संक्षेप



### जिम में लगी आग

**भिलाई।** जिम में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। घटना बुधवार की सुबह 6 बजे की है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची औऐक मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक मोहन नगर थाना क्षेत्र में स्थित मनीष देवांगन के फिटनेस सेंटर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग तीसरी मंजिल में लगी थी, जहां से सुबह धुआं निकल रहा था। पूरे इमारत में धुंआ फैल गया था। आगजनी की इस घटना में जिम में रखे लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के कारणों की जानकारी जुटा रही है। दमकल कर्मी तीसरी मंजिल तक सीढ़ियां लगाकर पहुंचे व जिम में प्रवेश किया। चारों तरफ से पानी की तेज बौछार की गई। दो दमकल के पानी का उपयोग कर आग को पूरी तरह बुझाया गया। आग ऊपरी तल पर होने से टीम को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्थल पर मौजूद दल प्रभारी धनु यादव और भगवती पंजारे के नेतृत्व में टीम ने आग पर काबू पाया।

### लाखों रुपए का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा की तस्करी करने वाले महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर कीसूचना पर तितुरडीह दुर्ग निवासी सुमन पांडे और रायपुर नाका दुर्ग मुकेश मिश्रा को गांजा बेचते पकड़ा गया। आरोपियों के पास से गांजा 2.362 किलोग्राम जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1.18लाख रूपये की आंकी गई है। एक मोबाइल, एक्टिवा सीजी 07 सीके 8291 को बरामत किया है।

## समीक्षा : शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने अधिकारियों की ली बैठक

# सरकारी स्कूलों में क्वालिटी सुधारने की जिम्मेदारी डीईओ और बीईओ की

### प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को अच्छी तरह याद होना चाहिए पहाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग के दुर्ग संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के अधिकारी शामिल हुए। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सभी डीईओ एवं बीईओ शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फील्ड में नियमित तौर पर स्कूलों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा होना चाहिए। उन्होंने युक्तियुक्तकरण अंतर्गत शिक्षकों की स्थानांतरण के संबंध में गहन समीक्षा की।




#### युक्तियुक्तकरण में ड्यूटी नहीं करने वालों पर कार्रवाई

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शासन की नीतियों के अनुरूप जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण अंतर्गत अभी तक ड्यूटी ज्वांइन नहीं की है, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ाई पर विशेषतौर पर ध्यान देने की जरूरत है। जियो टैगिंग एवं शिक्षकों की उपस्थिति के माध्यम से नियमित अध्यापन के संबंध में मानिटरिंग होनी चाहिए। परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के लिए सभी शिक्षक उत्कृष्ट कार्य करें।

#### वर्षभर की कार्ययोजना के अनुरूप हो अध्यापन

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शाला त्यागी नहीं हो तथा उनके पढने की अभिरूचि बनी रहे। शिक्षकों को अध्यापन कार्य के लिए प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। वर्ष भर की कार्य योजना के अनुरूप अध्यापन कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी होनी चाहिए। प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को पहाड़ा अच्छी तरह याद होना चाहिए।

#### स्मार्ट क्लास से जुड़ेंगे दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थी

दूरस्थ क्षेत्र के बच्चे भी स्मार्ट क्लास से जुड़े। आयुक्त समग्र शिक्षा डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि शिक्षण कार्य योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए। ऐसे स्कूल जहां बच्चे पढ़ाई में कमजोर है, ऐसे स्कूलों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणामों को बेहतर करने के लिए कक्षा नवमीं एवं ग्यारहवीं की पढ़ाई पर ध्यान देना होगा।

#### शिक्षकों की कमी दूर करने प्राइवेट ट्यूटर्स

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए प्राईवेट टयूटर्स, शाला त्यागी बच्चों की स्थिति में सुधार होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश तथा उनके अध्ययन की मानिटरिंग करने के लिए कहा। उन्होंने सत्र 2024-25 के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम एवं सत्र 2025-26 का लक्ष्य, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम श्रेणी, 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संभावित संख्या, कक्षा तीसरी से पांचवीं तक 20 तक का पहाड़ा तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक 25 तक का पहाड़ा, कमजोर बच्चों के लिए बारह खड़ी लागू करने उपचारात्मक शिक्षण, भवन विहीन विद्यालयों की संख्या, मॉडल स्कूल बनाए जाने वाले विद्यालयों की संख्या, समग्र शिक्षा, पीएमश्री विद्यालय, पीएम ई-विद्या चौनल के उपयोग, आने वाले वर्षों में जिलों के लक्ष्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### दसवीं-बारहवीं का परिणाम सुधरे

शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए समेकित कार्ययोजना बनाकर परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए युवाओं को प्रेरित करें। प्राचार्यों एवं बीईओ के वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कार्यों की सतत मानिटरिंग करें।

#### सतत टेस्ट से मूल्यांकन होता रहे- डीपीआई

सचिव स्कूल शिक्षा विभाग सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए शिक्षकों की ऑनलाईन उपस्थिति होनी चाहिए। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि ऐसे बच्चे जिनका परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं रहा है, उनके लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की गई है। ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर शनिवार बैगलैस डे के दिन उनकी शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाएं। सतत टेस्ट के माध्यम से बच्चों के अध्ययन का मूल्यांकन करते रहे। बैठक में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी एवं राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर-मोहला, खैरागढ़- छुई खदान जिलों के डीईओ, डीएमसी, बीईओ एवं बीआरसी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड, निगम जलाएगा मार्केट, मंडी व बसस्टैंड पर अलाव



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्विनसिटी इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। जिसकी वजह से कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। बुधवार को न्यूनतम पारा 9 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले इस

- ट्विनसिटी का पारा 9 डिग्री सेल्सियस चल रहा

सीजन का सबसे कम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा था। जिसकी वजह से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की आवश्यक्ता महसूस की जा रही थी। मौजूदा स्थिति में अब नगरनिगम भिलाई ने सार्वजनिक स्थलों , मार्केट और बस स्टैंड और सब्जी मंडियों जैसे स्थलों पर अलाव जलाने का निर्णय लिया है।

#### रैन बसेरा और आश्रय स्थली में किए गए इंतजाम

भिलाई-दुर्ग में रैन बसेरा और आश्रय स्थली संचालित हैं। इन स्थानों पर कामकाजी लोग ठहरे हुए हैं। इन स्थानों पर लोगों को इस कड़कड़ाती ठंड में सुविधाएं मुहैया भी करवानी है। भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन 1, जोन 2, जोन 3, जोन 4 व जोन 5 के आयुक्तों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के हिसाब से इन स्थलों में रजई, कंबल और बुनियादी सुविधाओं की मानिटिरिंग करना है और जरूरत के हिसाब से वहां चीजें उपलब्ध करवाना है।

#### तीन दिनों तक और गिरेगा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी। तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। उत्तर व मध्य से नम हवाएं आ रही है। जिसकी वजह से आने वाले दिनों में शीतलहर चलने की संभावना बनी हुई है। धुधं और कोहरे की स्थिति वातावरण में बना रहेगा। मौसम विभाग ने ये चेतावनी जारी करते हुए लोगों को अपने सेहत का ख्याल रखने कहा है।





# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम पोटिया में पुरानी रंजिश के चलते युवक को

- पुरानी रंजिश के चलते हुई थी घटना

मौत के घाट उतारने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय के यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 7 मई 2023 की है। शाम करीब साढ़े 7 बजे गांव का ही गजेंद्र यादव पड़ोस में महेश यादव के घर हो रही शादी समारोह में गया हुआ था। जहां आरोपी दुलामणि पिता अमरलाल साहू (19 वर्ष) आया। उसने चाकू से गजेंद्र पर वार शुरू कर दिया। इस दौरान पेड और कनपटी पर चाकू से वार किए गए। गजेंद्र की अतड़ियां बाहर आ गईं। उसे तत्काल अहिवारा स्थित सामुदायिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां आरोपी पर दोषसिद्ध पाया गया। उसे धारा 302 में उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी एके दिल्लीवार ने की।




# लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने छिंदवाड़ा से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पांच साल पहले लूट की वारदात में फरार आरोपी को पुलिस ने छिंदवाडा से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री



- पांच साल पहले लूट को अंजाम दिया था

तंवर ने बताया कि सड़क किनारे में अपनी बकरियों को चरा रहे वृद्ध को ऑटो सवार 4 युवकों ने मारपीट कर उनकी दो बकरियों को लूट कर ऑटो में डालकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी सलीम खान उर्फ सोनू, आसिफ अली, संतोष कुमार साहू को पकड़ा गया था, लूटी की बकरियों को भी बरामद किया था। घटना के बाद से आरोपी अरमान खान ऑटो को लेकर फरार था। सूचना पर पुलिस ने लंबे अरसे से फरार आरोपी अरमान को एमपी के छिंदवाडा से पकड़कर भिलाई लाया गया। पुलगांव व चौकी प्रभारी अंजोरा के नेतृत्व में टीम बनाया गया था। टीम द्वारा उक्त आरोपी के ऑटो चलाने की जानकारी पर बस स्टैंड आदि स्थानों पर पतासाजी की गई। पकडे जाने पर अरमान से पूछताछ करने पर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी पुलगांव अमित कुमार अंबानी, चौकी प्रभारी अंजोरा खेलन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक राकेश सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### कॉपर वायर चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बीबीबी इंफ्रा प्रायवेट लिमिटेड रसमड़ा से कॉपर वायर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आरोपी युवक कंपनी के निर्माण सामान एशियन केबल कापर केईसी के बंडल को नेवई बस्ती निवासी लोमन धनकर , नारायण ढीमर को गिरफ्तार किया है। 100 मीटर तार 6 लाख 1 नवम्बर को चोरी किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही सात आरोपी को पकड़ चुकी है। आरोपियों से माल की रिकवरी कर जेल भेजा है। मामले में तीन आरोपी फरार थे। उक्त फरार आरोपी का इनपुट मिलने पर ठिकानों दबिश देकर फरार को पकड़ा गया। आरोपी के पास से कटर जब्त कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।





**खबर संक्षेप**



## अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन का सम्मान

दुर्ग। अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन को सरायपाली में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंतर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। फुलझर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कई ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मान मिला।उल्लेखनीय है कि तितुरडीह दुर्ग निवासी नशकर टंडन को शहीद विनोद चौबे अवार्ड मिल चुका है। वे भारतीय टीम के प्रशिक्षक भी हैं और जिले में पावर लिफ्टिंग के महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभाते हैं। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उनके लगातार प्रदर्शन ने छत्तीसगढ़ को कई बार गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में सरायपाली बसना की विधायक चतुरा नंद और फुलझर सेवा समिति की संचालक विद्या सतपथी ने उन्हें गमछा, श्रीफल, गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।नशकर टंडन ने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है। उनके समर्थकों और खिलाड़ियों में भी खुशी की लहर है।

## एआईडीवाईओ ने की भर्ती की मांग

दुर्ग। एआईडीवाईओ छत्तीसगढ़ राज्य संगठन समिति ने अखिल भारतीय मांग दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, रायपुर को प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही उनकी मांगों में राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरा जाए व नए रोजगार का सृजन किया जाए। जब तक रोजगार नहीं मिलता जीने लायक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। सभी प्रतियोगी परीक्षा में पूरी तरह से पारदर्शिता हो। पेपर लीक के मामले पर दोषियों को सजा दिया गया। सरकारी कार्यों का निजीकरण व ठेकाकरण बंद किया जाय एवं सभी सरकारी कंपनियों का निजीकरण बंद किया जाए। भ्रष्टाचार पर रोक अविलंब लगाई जाए। भ्रष्टाचारियों को कड़े से कड़ा व उदाहरण मूलक सजा दिया जाए। ज्ञात हो कि आज युवा बेरोज़गारी का सामना कर रहे हैं। पूरा समाज इस समस्या से प्रभावित है और यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। सरकार बेरोज़गारी के संकट को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं, बल्कि ऐसे कॉर्पोरेट-समर्थक उपाय लागू कर रहे हैं जो रोज़गार की स्थिति को और भी खराब कर रहे हैं। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, और बिहार में भी हजारों युवा रोज़गार की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# बैगन की खेती कर 48 लाख की आमदनी ले रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में बड़ी संख्या में कृषकों का रूझान उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर बढ़ी है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक उद्यानिकी फसलों की पैदावारी लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पॉम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के विरुद्ध 95.04 हेक्टेयर में 47 कृषकों के प्रक्षेत्र पौधरोपण का कार्य पूर्ण किया गया है। विगत वर्ष 74.61 हेक्टेयर में 37 कृषकों के प्रक्षेत्र में विभाग द्वारा ऑयल पॉम पौधरोपण किया गया। जिले के धमधा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी के कृषक श्री योगेश साहू विभागीय अनुदान से आठ एकड़ रकबा में ऑयल पॉम पौधरोपण की खेती कर प्रत्येक डेढ़ से दो माह में फसलों की कटाई कर ऑयल पॉम एफ.एफ.बी. का उत्पादन कर, प्रत्येक कटाई सीजन में डेढ़ से दो लाख की आय अर्जित करने में सफलता हासिल की है। जिससे प्रभावित होकर जिले के अन्य किसान भी ऑयल पॉम पौधरोपण की ओर आगे आने लगे हैं।

## ऑयल पॉम की ओर बढ़ा किसानों का रुझान, फूलों की भी की जा रही है खेती

### पपीता और ड्रेगन फ्रूट की लगातार बढ़ रही डिमांड

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत 152 हेक्टेयर रकबा में केला, पपीता एवं ड्रैगन फ्रूट फसल क्षेत्र विस्तार कर 99 कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। इसी प्रकार 64 हेक्टेयर रकबा में टमाटर, बैंगन एवं प्याज सब्जी विस्तार कर 58 कृषक लाभान्वित हुए हैं। जिले के 71 कृषक 50 हेक्टेयर रकबा में पुष्प क्षेत्र विस्तार अंतर्गत गैंदा पुष्प की खेती कर अच्छी पैदावारी ले रहे हैं। जिले के ग्राम मलपुरीकला क्षेत्र अंतर्गत कृषक श्री अरूण कुमार दो हेक्टेयर रकबा में गैंदा पुष्प की खेती कर अच्छी आमदनी अर्जित करने में सफलता पायी है। योजना अंतर्गत कृषक को 20 हजार रूपए की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई है।



### नींबू, अमरूद, कटहल, आम और आंवला की भी हो रही खेती

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत चयनित 46 कृषक अनुदान प्राप्त कर ग्राफ्टेड बैंगन एवं टमाटर की पैदावारी लेकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इन्हीं में ग्राम टेमरी के कृषक श्री हितेश टॉक भी है, जिन्होंने उद्यानिकी विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर 09 एकड़ रकबा में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से प्रति एकड़ 40 टन उत्पादन प्राप्त कर 48 लाख तक की आमदनी अर्जित की। उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषिक समैतिक योजना के तहत किसान अपनी खाली जमीनों में नींबू, अमरूद, कटहल, आम, ऑवला आदि फलदार पौधे की रोपण कर रहे हैं।

## समस्या : सार्वजनिक शौचालय का ताला खोलने पार्षद को शुभ मुहूर्त का इंतजार

# कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में सड़कें खस्ताहाल सामुदायिक शौचालयों में लटका है ताला

वार्ड परिक्रमा


हरिभूमि की टीम ने वार्ड परिक्रमा के दौरान कई वार्डों का दौरा किया। इनमें से वार्ड 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी में सबसे जयादा अव्यवस्था देखने को मिली। कहीं सार्वजनिक शौचालय में पानी नहीं हो तो किसी शौचालय को ताला लगा दिया गया है। इस वार्ड की लगभग सभी नालियां साफ सफाई के अभाव में बजबजा रहा है। सड़के भी जर्जर स्थिति में है।

कांट्रेक्टर कॉलोनी में 90 फीसदी नाली साफ सफाई के अभाव में गंदगी से पटा पड़ा है। डॉ. जोशी लाइन के पीछे, आर्य समाज मंदिर के पास सहित कई इलाकों में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है। वहीं कई जगहों पर नालियों के गलत निर्माण के कारण पानी आगे नहीं बड़ रहा। झांडा बोरिंग चौक में नाली का गंदा पानी हैंडपंप तक पहुंच जाता है। वार्ड के लोगों ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद कार्यालय के पास स्थित शौचालय में पानी तक नहीं है। नलों में पानी नहीं आता। इस शौचालय में विंकलांग व वृद्धजनों के लिए बने कमोड टूटा पड़ा है। वहीं सड़क 26 में करीब 8 महिने पहले निर्मित सार्वजनिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है। लोगों का कहना है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कई बार ताला खोलने के लिए बोला गया है लेकिन पार्षद शुभ मुहूर्त के इंतजार में हैं।

## नालियों की नहीं हो रही सफाई, वार्डवासी हैं परेशान







### नालियों की सफाई नहीं, अब बीमारी फैलने का खतरा



डॉ. जोशी गली के पीछे रहने वाले प्रवीण अहिरवार ने बताया कि पूरे वार्ड की नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं। स्थिति यह है कि गंदगी इतनी भर चुकी है कि नाली का पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। यह कोई एक–दो जगह की बात नहीं है। ज्यादातर नालियां भर चुकी हैं। मिट्टी, रेत और गंदगी से लेकर प्लास्टिक और घरेलू कचरे तक सब कुछ जमा पड़ा है। बरसात तो दूर, सामान्य दिनों में भी रास्ते बदबू से भरे रहते हैं। लोग घरों से निकलते हैं तो सबसे पहले यही गंदगी से उनका सामना होता है। प्रवीण अहिरवार बताते हैं कि सफाई की मांग कई बार उठाई गई। लोग पार्षद से शिकायत करते रहे, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। कई जगह नालियां गलत ढंग से बनी हैं। ढलान ठीक नहीं है। पानी आगे बढ़ ही नहीं पाता। नतीजा यही होता है कि नाली का पानी सड़क पर फैलता है और पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। बीमारी फैलने का डर भी बढ़ रहा है। बच्चे गंदे पानी में कदम रखकर स्कूल जाते हैं। प्रवीण अहिरवार ने नगर निगम आयुक्त से गुहार लगाई है कि वे खुद इस क्षेत्र का निरीक्षण करें और एक बार मौके पर हालात देख लिए जाएं, तो समझ आएगा कि वार्ड के लोग किस मुश्किल में जी रहे हैं।

### आठ महीने से बंद सार्वजनिक शौचालय, लोगों की बढ़ी परेशानी



कांट्रेक्टर कॉलोनी सड़क 26 निवासी राजेश निर्मलकर और विनोद ने बताया कि शौचालय का निर्माण तो काफी समय पहले पूरा हो गया था, लेकिन उसी दिन से ताला लगा है। इलाके के लोग पार्षद से कई बार ताला खुलवाने की गुहार लगा चुके हैं, पर आज तक शौचालय इस्तेमाल लायक नहीं हुआ। यह इलाका स्लम जरूरतों वाला है और सार्वजनिक शौचालय यहां किसी सुविधा से ज्यादा आवश्यकता है। इसके बावजूद महीनों से ताला लटकने की वजह से लोगों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। राजेश निर्मलकर और अन्य रहवासियों ने नगर निगम से शौचालय को तुरंत खोलने की मांग की है।

### सड़कों पर गड्ढे पुलिया ऊंची और जनप्रतिनिधि गायब



कांट्रेक्टर कॉलोनी में सिर्फ नालियां और शौचालय ही समस्या नहीं हैं। सड़कें भी इस वार्ड की बड़ी तकलीफ बन चुकी हैं। हरकराम साहू ने बताया कि कई जगह हालात इतने खराब हैं कि कार निकालना भी जोखिम जैसा लगता है। पुलिया की ऊंचाई इतनी ज्यादा कर दी गई है कि चारपहिया नीचे से रगड़ खा जाती है। रोज आने-जाने वाले लोग इसी डर में रहते हैं कि कहीं गाड़ी का नुकसान न हो जाए। साईं नेत्रालय से स्पर्श अस्पताल तक का सड़क सालों से टूटा पड़ा है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग बार-बार जनप्रतिनिधि को बता चुके हैं, लेकिन जवाब यही मिलता है कि काम जल्दी होगा। लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि पार्षद फोन तक नहीं उठाते। वार्डवासी कहते हैं कि समस्या बताने के लिए कॉल करो तो घंटी बजती रहती है, लेकिन दूसरी तरफ से कोई सुनने वाला नहीं है। इस वजह से निराशा और नाराजगी दोनों बढ़ रही हैं।

## दुर्ग आयुक्त ने वार्ड सफाई व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड क्रमांक 26, 27 और 28 का भ्रमण कर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सड़क की स्थिति और अव्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सबसे पहले वार्डों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे फैली झाड़ियां और अनावश्यक हरियाली आवागमन में बाधा उत्पन्न करती है, इसलिए इन्हें तत्काल काटकर हटाया जाए। उन्होंने सड़क क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण को हटवाने के लिए भी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जे एवं वस्तुओं की अव्यवस्थित ढेरियों के कारण यातायात प्रभावित होता है, इसलिए इसे तत्काल साफ कर सुव्यवस्थित किया जाए।

साथ ही सड़क और नालियों में जमा वेस्ट मटेरियल को शीघ्र हटाने, तथा नालियों व सड़कों की निरंतर सफाई का पालन सुनिश्चित करने कहा। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई और जल निकासी व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्रामीण विकास योजना के लिए 10.40 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 10.40 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग के ग्राम कातरो में संघेल परिवार के घर से डोमार साहू के घर की ओर 2 तथा नया बाजार चौक में 2 सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख 40 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मध्यस्थता से जमीन विवाद का प्री लिटिगेशन प्रकरण निपटा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला न्यायालय परिसर दुर्ग स्थित मध्यस्थता केन्द्र में भूमि संबंधी विवाद से जुड़े एक प्री-लिटिगेशन प्रकरण को मात्र 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक निराकृत किया गया है।

दोनों पक्षकारों के मध्य लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद को राजीनामा समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया। इस सफल मध्यस्थता प्रक्रिया में दोनों




पक्षों ने सहयोग व सहमति व्यक्त करते हुए न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने की आवश्यकता समाप्त कर दी, जिससे न केवल समय और धन की बचत हुई, बल्कि उभय पक्ष के मध्य संबंधों में भी सौहार्द बना रहा। इस उपलब्धि का श्रेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थ तथा समस्त मध्यस्थता टीम के समन्वित प्रयासों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयास से यह प्रकरण शीघ्रता से समाधान तक पहुंच सका। प्राधिकरण द्वारा यह सतत प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक प्रकरण मध्यस्थता के माध्यम से समयबद्ध एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से निराकृत किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके।

## विंध्यवासिनी महिला समिति के सदस्यों ने आचार्य हरीश का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- दिल्ली में भी होगा सम्मान

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के तत्वाधान में दो दिवसीय 41वां राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन पंचशील आश्रम झड़ौदा गांव निरंकारी समागम ग्राउंड के सामने आउटर रिंगरोड झड़ौदा माजरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली में 12 एवं 13 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। देश के सभी राज्यों की सभी भाषाओं के दलितोत्थान में जुटे समाजसेवी साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, संपादक आदि भाग लेंगे। पाटन उरला से आचार्य हरीश का योग्यता के आधार पर डॉ. अम्बेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड दिल्ली 2025 के लिए चयनित किया गया है। साथ ही अभिषेक टंडन, भगवती साहू का भी सम्मान होना है। आचार्य हरीश को नगर गनियारी के जय मां विंध्यवासिनी महिला समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष डॉक्टर निर्मला भारती, लता मांडवी, लक्ष्मी ठाकुर, प्रेमलाल साहू, रामकुमार साहू, सोहन लाल साहू, अमर साहू, नर्मदा धीवर, सुमन देसलहरे, अनीस देसलहरे विशेष रूप से मौजूद थे।



## नगपुरा में 17 दिसंबर से पं. प्रदीप मिश्रा की होगी कथा

# विधायक ने लिया शिवमहापुराण कथा तैयारी का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा की तैयारियों को लेकर नगपुरा रेस्ट हाउस में अहम बैठक हुई।

- आयोजन समिति व अधिकारियों के साथ बैठक

बैठक में विधायक ललित चंद्राकर ने आयोजन समिति और अधिकारियों के साथ हर व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की।

विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भीड़ ज्यादा होगी। इससे जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कथा स्थल पर कोई कमी नहीं दिखनी चाहिए। बिजली हो या पानी, स्वास्थ्य हो या ट्रैफिक हर विभाग को अपना काम पहले से तय कर दिया गया है। विधायक ने गांवों से बनाए गए वालिंटियरों को भी अलग अलग जिम्मेदारियां देने को कहा, ताकि भीड़ संभालना आसान रहे। उन्होंने बताया कि ठंड में लोग अक्सर आग तापते हैं, लेकिन कथा स्थल पर यह बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए आग का इस्तेमाल पूरी तरह रोकने और सुरक्षित विकल्प रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में साफसफाई, पार्किंग, लाइटिंग, एम्बुलेंस और डॉक्टरी सुविधा को प्राथमिकता में रखा गया जिससे कथा के दौरान किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। बैठक में कथा के मुख्य यजमान जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा और जितेंद्र यादव, जिला मंत्री गिरेश साहू, एसडीएम हरवंश मिरी, सीएसपी विंध्यराज, पुलगांव थाना प्रभारी अमित अदानी, एएसआई राजकुमार देशमुख, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, मंडल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी सरपंच भी शामिल हुए।





# गंजपारा कब्रिस्तान के पास मेन पाइप लाइन लीकेज सुधार का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा कब्रिस्तान के पास स्थित प्रमुख पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन में हुए बड़े लिकेज की सूचना पर महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता, पार्षद प्रतिभा पाटिल, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, विनोद मांझी, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद रहे।

- गुरुवार से जल आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद



निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों कोनिर्देश दिए कि मुख्य पाइप लाइन से हो रहा लीकेज से फिल्टर प्लांट तक रॉ-वॉटर की आवश्यक मात्रा पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रहा है, जिससे शहर की जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने तेजी से सुधार कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि जल आपूर्ति में अनावश्यक विलंब नागरिकों के लिए असुविधाजनक है, इसलिए लीकेज को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दुरुस्त किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि टीम मौके पर लगातार कार्यरत है और देर शाम तक पूरी मरम्मत प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि गुरुवार सुबह से जल प्रदाय व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए जनपद सदस्य

**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन के नव निर्वाचित जनपद सदस्यों का आधारभूत विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण अंजोरा में प्रारंभ हुआ। नवनियुक्त जनपद पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण के दौरन प्रशिक्षक बीके शर्मा सेवानिवृत सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा पंचायत राज अधिनियम 1994 के नियम के अनुसार 73 सविन्धन संशोधन की आवश्यकता, विशेषता एवं पंचायत राज अधिनियम 1994 की जानकारी, ग्राम सभा, अविश्वास प्रस्ताव धारा 28, अधिनियम के धारा 44 के तहत जनपद पंचायत के बैठक काम काज संचालन, धारा 47 के तहत स्थायी समिति जनपद सदस्यों के अधिकार एवं कर्तव्य और गांव में योजना का संचालन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में दिनेश साहू, रश्मि वर्मा, आनंद बघेल, अजय साहू, उर्वशी वर्मा, शैलेश साहू, रवि सिन्हा, भाष्कर वर्मा आदि शामिल हुए।

### इन्स्ट्रूमेन्टेशन विभाग में राजभाषा कार्यशाला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इन्स्ट्रूमेन्टेशन विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक गौतम कुमार कुंडू के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर राजभाषा के प्रति जागरुक रहने के संदेश के साथ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।
उन्होंने कि कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।
विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक एएम डैनी ने कहा कि बचपन से हमने मुख्यतः हिंदी में ही संवाद किया है। उप प्रबंधक व विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी विजेन्द्र कुमार चौधरी ने राजभाषा के क्षेत्र में इन्स्ट्रूमेन्टेशन विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। कार्यशाला में सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम राजू कुमार शाह, इंजीनियरिंग एसोसिएट, द्वितीय संजीव कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट, तृतीय एएम डैनी को मिला। ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया।

## निधन

### उर्मिला देवी मिश्रा



**भिलाई।** दयानगर रिसाली निवासी उर्मिला देवी मिश्रा (81 वर्ष) का निधन 10 दिसंबर को हो गया। अंतिम यात्रा 11 दिसंबर को सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम के लिए उनके निवास स्थान 613/54, सड़क 21 सी, दयानगर से निकाली जाएगी। वे रामनाथ मिश्रा की पत्नी, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा और शशि त्रिपाठी की मां और लता मिश्रा व लोकमणि त्रिपाठी की सास थीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर के 1126 विद्यालयों में नियत समय पर अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विद्या भारती से संबद्ध सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के 915 ग्रामीण एवं 211 शहरी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में निर्धारित समय पर एक साथ अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ हुई। समन्वयक हरिश्चंद साहू ने बताया कि पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक प्रातः पाली एवं मिडिल हाई एवं हायरसेकंडरी स्तर की परीक्षा द्वितीय पाली में पूर्ण सजगता के साथ आयोजित की रही है। इसी तारतम्य में शहरी विद्यालय जामगांव आर और बटरेल एवं ग्रामीण विद्यालय भाठागांव आर में सैकड़ों विद्यार्थी परीक्षा में प्रथम दिवस शामिल हुए। विदित हो कि सांस्कृतिक और खेल में भी ये विद्यालय भरपूर प्रतिस्पर्धा करते हुए जिला संभाग क्षेत्र होते हुए राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता अदा करते है।उल्लेखनीय है जामगांव आर सरस्वती शिशु मंदिर की एक छात्रा ने जोधपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर खेल स्पर्धा में विगत वर्षों भाग लेकर परचम लहराया। इस अवसर पर

कक्षा 12 वी भौतिक, 11वी रसायन, 10वी अंग्रेजी, 9वी हिंदी, 8 वीं गणित, 7वी अंग्रेजी, 6वीं हिन्दी, 5 वी गणित, 4थी हिंदी, तीसरी पर्यावरण, दूसरी गणित, पहली हिंदी और पूर्व प्राथमिक में संस्कृत और गीत कहानी विषयों पर परीक्षा हुई।

## राज्यस्तर पर परीक्षाओं का किया जा रहा आयोजन

### सबकी संचालन समिति अलग लेकिन नियम एक

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्याभारती के मार्गदर्शन में चलती है जिसका मुख्य उद्धेश्य संस्कारित शिक्षा से होनहार देश भक्त नागरिक का निर्माण करना है।इन सभी विद्यालयों की पृथक पृथक संचालन समिति होती है।किंतु मार्गदर्शक एक ही है।सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा ही विधार्थियो के सर्वांगीण विकास के सभी आयामों को सूक्ष्मता के साथ तलाश कर उस पर पारंगत करने का हर संभव प्रयास करती है।



## शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

# भनसुली स्टॉपडेम का काम अधूरा, सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी, फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



ग्राम भनसुली नाला में अधूरे पड़े स्टॉपडेम निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत इस महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना का काम आज तक पूरा न होने पर ग्रामीणों ने शासन–प्रशासन से सीधे सवाल पूछना शुरू कर दिया है। बताया गया कि विगत ढाई वर्ष पूर्व भूपेश बघेल सरकार द्वारा खर्रा, जरवाय, तेलीगुंडरा, भंसूली, डंगनिया और खम्हरिया सहित कई गांव में स्टॉपडेम निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति दी गई थी। ग्रामीणों और किसानों को उम्मीद थी कि इससे सिंचाई की समस्या दूर होगी और खेती को बड़ी राहत मिलेगी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद से काम ठप पड़ा है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि किसान हितैषी योजनाओं को भाजपा सरकार ने रोककर किसानों की कठिनाइयां बढ़ा दी है। उन्होंने कहा

भनसुली नाला स्टॉपडेम की वर्षों पुरानी मांग को कांग्रेस सरकार ने पूरा किया था, लेकिन साय सरकार ने न किसानों का ध्यान रखा, न विकास का। आज किसान खाद, बीज, धान टोकन और कर्ज के लिए परेशान हैं।"जनपद सदस्य दिनेश साहू ने भी तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार किसानों, मजदूरों और युवाओं के लिए पूरी तरह फेल साबित हुई है। ग्रामीण अध्यक्ष पिंकेश साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्टॉपडेम निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया, तो किसान और ग्रामीण मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस मौके पर डॉ. के.के. साहू सेक्टर प्रभारी, नीलमणि हिरवानी पूर्व सरपंच देवनारायण साहू, नंदकुमार साहू, ईश्वर हिरवानी, गजेंद्र साहू, केशव साहू, राकेश साहू, दिनेश देवांगन, सोनू साहू सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता पर ध्यान देने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बुधवार को निगम क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया। इसमें योजनाओं के क्रियान्वयन और परियोजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

नगरोत्थान योजना के तहत चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति और लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा की गई। 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत स्वीकृत और प्रगतिरत बुनियादी अधोसंरचना परियोजनाओं का विवरण लिया गया। सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों की प्रगति और समयबद्धता पर चर्चा की गई। विधायक निधि से प्रस्तावित एवं चल रहे विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा हुई। पार्षद निधि के तहत स्थानीय स्तर पर हो रहे कार्यों तथा निगम के अन्य स्त्रोतों से वित्तपोषित परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की बाधा को तुरंत दूर करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, दीपक कुमार जोशी सर्व जोन आयुक्त, सभी कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मानवाधिकार दिवस पर दी अधिकारों की जानकारी, कानून के बारे में भी बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ नंदा गुरवरा के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार के दिवस के अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व वंदना करके किया गया। उद्बोधन की कड़ी में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मंडावी ने व्याख्यान के उद्देश्य बताते हुए अधिकार के प्रकार को बताया साथ ही विभिन्न राजनितिक विचारकों द्वारा दिए गए अधिकार के सिद्धांतो की विस्तृत जानकारी दिया। प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा ने भारतीय सविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा की सविधान में कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया और हम सभी भारतीय अपने कर्तव्यों का पालन जितना ईमानदारी से करेंगे हमारा अधिकार उतना ही ज्यादा प्रभावी होगा क्योंकि नागरिकों को अधिकार भले ही सविधान द्वारा प्राप्त हुए है लेकिन अधिकारों का प्रयोग समाजिक हित पर निर्भर करता है समाज की मान्यता से ही अधिकार प्राप्त होता है। डॉ आर के वर्मा विभागाध्यक्ष गणित ने मानवधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार मनाये जाने के कारणों के बारे में अपने विचार व्यक्त किया। राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष आकाश भट्ट ने मानवाधिकार के सबंध में सयुंक्त राष्ट्र चार्टर के बारे में बताया। डॉ एस के भारती राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ने मानव अधिकार के समाजिक मूल्य पर अपने विचार रखे। वही एम ए प्रथम सेमेस्टर के छात्रा दीपांजली वर्मा ने मौलिक अधिकारों के प्रतिबंध की व्यवस्था के बारे में बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रध्यापकगण और बडी संख्या में छात्र छात्राये उपस्थित थे।

## विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता 13 और 14 को कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सांसद खेल महोत्सव 2025 में तृतीय चरण विधानसभा स्तर प्रतियोगिता 13 एवं 14 दिसम्बर को आयोजित है। दुर्ग लोकसभा में जिला दुर्ग और बेमेतरा को 9 विधानसभा दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, वैशाली नगर, भिलाई, पाटन, अहिवारा, साजा, बेमेतरा एवं नवागढ़ क्षेत्रों में आयोजन किया जाना है। इसमें क्लस्टर प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी अपने-अपने विधानसभा में निर्धारित तिथि 13 एवं 14 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से आयोजन समिति द्वारा निर्धारित स्थलों पर सम्पन्न कराया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सफल आयोजन हेतु अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे हैं। आयुक्त नगर पालिक निगम, अपने अधीनस्थ सभी क्लस्टरों की पंजीकृत विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को निर्धारित समय सारणी अनुसार प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे, एवं प्रतिभागी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में सम्मिलित कराने हेतु सुरक्षित यातायात व्यवस्था करेंगे। विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को निर्धारित समय सारणी अनुसार सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। तृतीय चरण विधानसभा की प्रतियोगिता स्थल चयनित स्थल में, अपने ग्राम पंचायत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित प्रतियोगिता स्थल के खेल मैदान निर्माण के लिए चूना, रस्सी, व्हालीवाल पोल, नेट एवं व्हालीबॉल तथा खो-खो पोल एवं आवश्यक खेल सामग्री संबंधित निर्णायक, खेल प्रभारी को उपलब्ध करावें। साथ ही समस्त आयोजन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने हुए। आयोजन स्थल पर पानी टैंकर, खेल मैदान में क्रीड़ागण निर्माण, साफ सफाई की व्यवस्था, एवं महिला खिलाड़ियों हेतु चेजिंग रूम व खिलाड़ियों एवं निणायकों व आफिसयल हेतु भोजन/स्वाल्पाहार व्यवस्था तथा साउण्ड सिस्टम, टेन्ट, कुर्सी, टेबल व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अधिनस्थ अधिकारी/कर्मचारी एवं 04 कम्प्यूटर ऑपरेटर जो पूर्व पंजीकृत खिलाड़ी की सत्यापन कर उन्हें टोकन प्रदान करेंगे व विजेता प्रतिभागी को सांसद प्रतियोगिता के लिए अपलोड करेंगे। प्रतियोगिता आयोजन से पूर्व समस्त संबंधित कर्मचारी और आफिसयल की बैठक आहुत कर अपने स्तर पर निर्धारित तिथियों में दायित्व सौप कर तृतीय चरण की प्रतियोगिता को सफल बनायेंगे। प्रतियोगिता समाप्ति पश्चात अपना प्रतिवेदन में प्रतियोगिता परिणाम में दस्तावेजों के साथ निज सचिव सांसद लोकसभा को प्रेषित करते हुए एक प्रति अपने पास संधारित रखेंगे।

■ सांसद खेल महोत्सव 2025 का तृतीय चरण

## एसी कोच मेंटेनेंस डिपो के सामने रेल श्रमिक यूनियन का आमरण अनशन

**भिलाई ।** रेल श्रमिक यूनियन द्वारा एसी कोच मेंटेनेंस डिपो दुर्ग के नए ठेके में श्रमिकों की सेवा बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर बुधवार को कोच केयर डिपो दपू रेलवे मेन गेट के सामने आमरण अनशन किया गया। यूनियन अध्यक्ष नजीर अहमद ने क्षेत्रीय श्रमायुक्त (के) रायपुर और मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों को पूर्ण करने की मांग की। ज्ञापन में नजीर अहमद ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कोचिंग केयर डिपो दुर्ग विद्युत सामान्य विभाग एसी कोच मेंटेनेंस ठेका में षडयंत्र कर पुराने कर्मचारियों को नए ठेके के काम पर नहीं रखा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, भिलाई-03 जिला-3 दुर्ग (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार:-**


ब- 121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम- कुम्हारी प.ह.न. 12 रा.नि.म भिलाई 03 तह, भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आशीष कुमार साहू पिता/ पति शिव कुमार साहू निवासी रामनगर वार्ड 07 कुम्हारी के द्वारा अपने स्वयं/ पुत्र/पुत्री/ पिता/पति/माता/दादा/ दादी आशीष कुमार साहू का जन्म/मृत्यु दिनांक 11.09.2005 को हुआ है, जिसका जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो यह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति नियत दिनांक 16.12.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियां पर विचार नहीं किया जावेंगा ।

आज दिनांक 05.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी ।

मुहर **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भिलाई-03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**







## जीव ही सुदामा है और ईश्वर उसका मित्र

# मानव जीवन का उद्देश्य परमानंद की प्राप्ति : संत निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी स्व. कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में ग्राम पाऊवारा में आयोजित मद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक संत निरंजन ने सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कर्म को दिव्यता से भाग्य बदला जा सकता है।

भारतीय संस्कृति एवं सनातन का विराट स्वरूप सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए संत निरंजन ने मित्रता की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सनातन धर्म में गरीब सुदामा और कृष्ण को मिलता का विश्व मानव जीवन के लिए अमूल्य निधि बताया गया।सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका गए किंतु उनके मन में कुछ मांगने भाव नहीं था। जीव ही सुदामा है और ईश्वर उसका मित्र। गोपियों ने आनन्द स्वरूप भगवान को अपना मित्र माना। अभावग्रस्त रहने पर भी आनंदित होकर जीना संतोषी व्यक्ति का लक्षण है। सन्तोष धन सभी सभी धनों में सर्वोपरि है। अपने कर्तब्य कर्मो से प्राप्त वस्तुओं में संतोष रहकर जीव सुखी हो सकता है। आत्ममंथन ही सवा से बड़ा धन है भौतिक भोगों के पीछे भागकर जीव अपने सच्चे स्वरूप को भूल जाता है। भगवान ही जीव का सच्चा मित्र है। उन्हें स्मरण करते हुए जीवन यापन करने वाले सदा सुखी रहता है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्रकार,विधायक विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू,पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्रकार, भिलाई महापौर नीरज पाल, नेता प्रतिपक्ष दया सिंह,तुलसी साहू, जिला पंचायत सदस्य सुशीला साहू आदि उपस्थित थे।



अमीर अब गरीब दोनों के लिए है सुदामा की कथा

संत निरंजन जी बताया की सुदामा की कथा अमीरों के किए भी है और गरीबो के लिए भी । धन पाकर परम धन को न भूले। जीव परीक्षित है और सात दिनों में उसे मुक्त होना है। परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए संत निरंजन ने कहा कि काल रूपी सर्प सदा सिर पर है। मृत्यु के पूर्व हो हम परमात्मा तत्व का अनुभव करले। भागवत कथा का संदेश है कि मुक्त होकर जीवन यापन करे और निरन्तर जन्म मृत्यु वृद्धावस्था की पीड़ा कष्ट को याद रखे।



## खबर संक्षेप



### भाजपा पदाधिकारी ने निकाली पदयात्रा

**दुर्ग।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में सदर गौरव पथ मंडल द्वारा पदयात्रा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की मुख्य उपस्थिति और मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा की नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में जिला उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा उपस्थित थे। पदयात्रा जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर जवाहर चौक, गांधी चौक, शनिचरी बाजार में भ्रमण कर समाप्त हुई। इस दौरान आम जनता और दुकानदारों से स्वदेशी वस्तुओं अपनाने और विक्रय करने का आह्वान किया गया। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि किसी भी देश की आत्मनिर्भरता और विकास देश के आम जनमानस मानस की सहभागिता से सुनिश्चित होता है। आम जनमानस के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर वोकल फार लोकल का इस्तेमाल कर देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस मूलमंत्र को अपना कर पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारम्भ हुआ है और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल की जयंती तक यह चलेगा। कार्यक्रम में कार्यालय मंत्री सैयद आसिफ अली, सह कार्यालय मंत्री राहुल पंडित, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष बंटी चौहान आदि उपस्थित थे।

### निषाद समाज चुनाव 28 को, नामांकन आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज प्रदेश संगठन का केन्द्रीय कार्यालय कोहका भिलाई जिला दुर्ग में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन के समस्त प्रदेश पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिला अध्यक्षगण सम्मिलित हुए। बिरेंद्र कुमार निषाद जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने बताया बैठक में प्रदेश संगठन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी पदों पर चुनाव कराने पर का निर्णय लिया। बैठक में चुनाव अधिकारी नियुक्ति किया गया। जिसमें महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सह चुनाव अधिकारी पीके निषाद, सोनी राम निषाद, विजय लाल निषाद, भोज प्रसाद निषाद, रामकुमार निषाद, बसन्त लारिया, सोहन लाल निषाद, बंशीलाल निषाद, लखन लाल निषाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव में भाग लेने वाले आजीवन सदस्य, तहसील, परिक्षेत्र, के ही पदाधिकारी चुनाव में मतदान देंगे। नामांकन 11 और 12 दिसंबर को होगा। मतदान तिथि 28 दिसंबर है। 4 संभागों में केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर कार्यालय में मतदान होगा।

# जेएलएन चिकित्सालय में न्यूनतम इनवेसिव उपचार की उपलब्धि

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक किया लेप्रोस्कोपिक आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के जेएलएनएएच में पेनक्रियासटाइटिस से पीड़ित सीआईएसएफ के एक जवान का प्रोन्नत चिकित्सा तकनीक से उपचार करने में सफलता मिली है। अस्यूचर्ड लेप्रोस्कोपिक सिस्टोगैस्ट्रोस्टॉमी' की यह सफलता विशेषज्ञ चिकित्सकों के टीम वर्क से मिली है। मरीज को सिर्फ पांच दिन में छुट्टी दे दी गई।

इस जटिल ऑपरेशन का नेतृत्व डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी व यूनिट इंचार्ज डॉ. मनीष देवांगन ने किया। 32 वर्षीय ओडिशा के सीआईएसएफ जवान को छह माह से चली आ रही पेनक्रियाटाइटिस की पीड़ा लगातार पेट दर्द, भारीपन और जल्दी पेट भरने की शिकायतों का कारण 'स्यूडोसिस्ट पैनक्रियाज़' निकला। यह पेट के पिछले हिस्से में बना द्रव-भरा थैला न केवल असहनीय असुविधा उत्पन्न करता है बल्कि जटिलताओं का भी बड़ा कारण होता है। इसमे ओपन सर्जरी की आवश्यकता पड़ती थी, जिसमें एक बड़ा चीरा लगाने से अत्यधिक दर्द और लंबी रिकवरी शामिल होते हैं। जेएलएन अस्पताल में लेप्रोस्कोपिक मार्ग चुनना प्रोन्नत तकनीक का उदाहरण है।



### सिर्फ पांच दिनों में मिल गई छुट्टी

मरीज का जटिल ऑपरेशन करने वाली टीम में डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और यूनिट इंचार्ज डॉ. मनीष देवांगन, चीफ कंसल्टेंट, डॉ. धीरज शर्मा, डॉ. सौरभ धिवार, डीएनबी रेजिडेंट डॉ. मशूद बी. तथा नर्सिंग स्टाफ भगवती विश्वकर्मा और एमटीए लोकेंद्र सहित डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. तनुजा आनंद, और कंसल्टेंट, डॉ. निलेश चंद्र ने महती भूमिका निभाई। प्री-ऑपरेटिव रेडियोलॉजिकल मूल्यांकन में डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरज गुप्ता, तथा कंसल्टेंट, डॉ. त्रिप्ति पारीक, के योगदान ने इस जटिल प्रक्रिया की रीढ़ मजबूत करेगी। रोगी को सिर्फ मात्र पांच दिनों में चिकित्सालय से स्वस्थ होकर छुट्टी पा ली।

## कोर्स अधूरा लेकिन शिक्षकों की शालाओं में अनुपस्थिति लगातार जारी

# गिरहोला स्कूल में लटका मिला ताला सात स्कूलों में अनुपस्थित मिले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में उच्चतर माध्यमिक शालाओं का कोर्स इतना पिछड़ा हुआ है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने एक्सट्रा क्लास लेकर पढ़ाई करवाने के आदेश दिए हैं। बोर्ड परीक्षाओं के कोर्स और तैयारी को लेकर इन दिनों जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा स्वयं औचक निरीक्षण कर रहे हैं तो पोल खुल रही है। स्कूलों में कई व्याख्याता ऐसे हैं कि न समय पर स्कूल पहुंच रहे हैं और न ही प्राचार्य स्कूल खुलवा रहे हैं। धमधा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सुबह 10.10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। सात और स्कूलों का निरीक्षण डीईओ ने किया। यहां आधा दर्जन व्याख्याता और दो लिपिक अनुपस्थिति मिले। संबंधित स्कूलों के प्राचार्य, व्याख्याता सहित गैरहाजिर लिपिकों को नोटिस दिया गया है और एक दिन का वेतन काटने की भी कार्रवाई की जा रही है।

### जिला शिक्षा अधिकारी का औचक निरीक्षण




### गिरहोला में अवकाश के बाद भी लगाते हैं हाजिरी

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला पहुंचे। सुबह 10.10 बजे इस स्कूल में ताला लटका मिला। जानकारी मिलने पर आनन-फानन में आकर स्टॉफ ने ताला खोला। जब यहां उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई तो पदस्थ कर्मचारियों का विभिन्न तिथियों के लिए दिये गये अवकाश आवेदन उपस्थिति पंजी ने दबे पाए गए। उपस्थिति पंजी अवलोकन करने पर उक्त तिथियों में अवकाश प्रविष्टि के बजाय पंजी में हस्ताक्षर पाये गए। इस अनियमितता के लिए संबंधित संस्था प्राचार्य और सभी गैरहाजिर व्याख्याताओं व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है।

### सेमरिया स्कूल में भी अनुपस्थित मिला स्टॉफ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के निरीक्षण दौरान रमेश कुमार ठाकुर व्याख्याता एल.बी. शालेय कार्य से अनुपस्थित पाए गए। रूपेन्द्र कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड -3 शाला समय तक उपस्थित नहीं मिले। इस अनियमितता के लिए संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है जवाब प्राप्ति उपरांत एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

### सेजस जामुल में चार व्याख्याता अनुपस्थित मिले

जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामुल पहुंचे। निरीक्षण दौरान प्रीतम बन्छोर, कविता पाण्डेय, वंदना शर्मा व्याख्याता और कविता प्राणिग्राही, व्याख्याता (संविदा) अनुपस्थित मिले। शाला समय तक अपने कार्य पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद का निरीक्षण दौरान राजेन्द्र कुमार मरकाम, सहायक ग्रेड-2 बिना पूर्व सूचना एवं आवेदन के कार्य से अनुपस्थित मिले।

### विद्यार्थियों को कक्षा स्तरीय ज्ञान नहीं



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गिरहोला के निरीक्षण दौरान विद्यार्थियों का ज्ञान कक्षा स्तरीय नहीं मिला। यहां जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से कक्षा के अनुरूप सवाल-जवाब किए तो इसका खुलासा हुआ। उपस्थित शिक्षकों को 31 दिसम्बर तक कक्षा स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय मे स्वच्छता का अभाव पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिए।

### नियमित प्रायोगिक कार्य व परीक्षा की ऐसे कराएं प्राचार्य और शिक्षक तैयारी

निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने बारह खड़ी पहाड़ा, पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। शिक्षकों व स्टॉफ को नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये। इसी प्रकार हाई / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यो को नियमित प्रायोगिक कार्य करने, ब्लू प्रिंट के अनुरूप 6 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने, तिमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को सीमित पाठ्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने की हिदायत दी। प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश भी दिये।

### नोटिस भेजा है

"हायर व हाई स्कूल में कोर्स पिछड़ा हुआ है। इसे पूरा करने की कार्ययोजना भी दी गई है। इसलिए औचक निरीक्षण लगातार करेंगे। इस दौरान अनुपस्थित शिक्षकों व स्टॉफ को नोटिस दे रहे हैं। जवाब आने के बाद लापरवाह शिक्षकों का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद कुमार मिश्रा**
डीईओ

## कल्याण कॉलेज में हंगामा करने वाले विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज

### सात के खिलाफ नामजद अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कल्याण कालेज सेक्टर 7 में मंगलवार को एनएसयूआई के द्वारा किए गए हंगामा को लेकर प्राचार्य डॉ विनय शर्मा की शिकायत पर सात नामजद छात्र नेता और अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एनएसयूआई प्रदेश सचिव और भिलाई नगर विधायक प्रतिनिधि आकाश कनौजिया ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कल्याण कालेज में 9 दिसंबर की सुबह जमकर हंगामा किया। जिसमें कालेज के प्राचार्य को घेरकर उनसे दुर्व्यवहार किया। कॉलेज में दो चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने और उनसे सार्वजनिक माफी मांगने की मांग को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि निकाले गए दोनों महिलाओं को काम पर वापस रखा जाए।इस दौरान छात्र नेताओं ने कुछ देर गेट पर बैठने के बाद वे सीधे प्राचार्य के कमरे में गार्ड को धक्का मारते हुए भीतर प्रवेश किया। आधे घंटे तक उनके केबिन में पर्चा फेंकने, स्याही फेंकने और जूते-चप्पलों की माला पहनाने का प्रयास किया गया। खबर लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को बाहर निकाला था। इसी मामले में पुलिस ने छात्र नेताओं में आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालों, भौमिक पटेल, अंशुल शर्मा समेत अन्य के खिलाफ धारा 191(2), 221, 296, 324(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जिले लेकर भिलाई नगर पुलिस जांच में लिया है।

■ भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

### परीक्षा फॉर्म परीक्षण का काम चल रहा था

पुलिस ने बताया कि कॉलेज में परीक्षा फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का शासकीय कार्य चल रहा था। तभी छात्र नेता आकाश कन्नोजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा सहित अन्य कुछ युवक परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया। कार्यालय में रखे सरकारी दस्तावेजों को उठाकर फेंक दिया। फाड़ दिया और उन पर स्याही गिरा दी, जिससे दस्तावेज खराब हो गए। घटना के समय कमरे में प्राध्यापकों में डॉ. अनुराग पांडेय, डॉ. अनिरबन चौधरी और चिम्मन लाल सोन्ड्रे भी मौजूद थे। प्राचार्य के मुताबिक घटना से पूरे कालेज कर्मी भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

## अहिवारा में उप पंजीयक कार्यालय भवन और केन्द्रीय विद्यालय भी



**अहिवारा।** नगर पालिका परिषद अहिवारा में सामान्य सभा हुई। इस दौरान 6 एजेंडों पर चर्चा हुई। जिसमें निकाय स्वामित्व कि भूमि खसरा न. 459/2 रकबा 23.500 हेक्टेयर भूमि में से 6000 वर्गफीट भूमि पर नवीन उप पंजीयक कार्यालय उद्घाटन स्थल पर ही निर्माण होगा। नवीन केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने के लिए वार्ड 4 बेरला रोड बाईपास रोड के समीप खसरा न. 459/2 भूमि मे से नगर पालिका स्वामित्व कि रिक्त भूमि का चयन कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा उच्च न्यायालय कि जनहित याचिका 29 सितंबर को जारी आदेश अनुसार नगर पालिका परिषद अहिवारा अंतर्गत वार्ड 13 में सर्वसुविधा युक्त मुक्तिधाम निर्माण करने प्रस्ताव शासन को भेजने की स्वीकृति मिली। परिषद की बैठक में अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा और सीएमओ अंकुर पाण्डेय समेत विधायक प्रतिनिधि, अधिकारी, पार्षदगण मौजूद थे।

## एसएसपी विजय ने पुलिस कर्मियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित साइबर पुलिस पोर्टल एवं हेल्प नंबर 1930 में मिले ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण और सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित पोर्टल में जिले के समस्त थानों में प्रकरणों की एंट्री की जा रही थी। दुर्ग जिले में साइबर पुलिस पोर्टल एवं हेल्प नंबर 1930 में प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण कार्य पूर्ण करने किया। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल सीसीटीएनएस, सायबर में कार्यरत 22 ऑपरेटरों को प्रमाण पत्र व नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।

■ ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण करने पर दी प्रमाण पत्र

## भिलाई बचाओ समिति ने बीएसपी के नए नियमों पर जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लीज और आवास से जुड़ी बढ़ती परेशानियों के बीच भिलाई बचाओ संयुक्त समिति की प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय से मुलाकात की। इस दौरान टाउनशिप के दुकानदारों की लीज समस्या, बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिटेंशन केस, तृतीय पक्ष आवास धारकों को भेजे जा रहे किराया नोटिस और बीएसपी से राज्य शासन को सौंपे जाने वाली बिजली व्यवस्था जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सुरेश चंद, सुमन कन्नौजे और ज्ञानचंद जैन ने बताया कि कैसे प्रभावित लोगों को साथ जोड़कर समिति बनाई गई है। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने मंच के गठन का स्वागत करते हुए कहा कि शहर के आत्मसम्मान और लोगों की सुरक्षा पर किसी तरह की चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने देर रात ही वरिष्ठ नेताओं से बात की और सबने मिलकर स्थानीय निवासियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाने का भरोसा दिया। बैठक में यह भी तय हुआ कि कोई भी आवास धारक फिलहाल बीएसपी को किराया राशि नहीं देगा। समिति ने बताया कि इस हफ्ते के आखिरी दिनों में बीएसपी प्रबंधन के साथ एक बड़ी बैठक कराने पर भी सहमति बनी है। समिति का कहना है कि जब तक 1 दिसंबर 2025 से लागू होने वाले नियम वापस नहीं लिए जाते और लाइसेंस प्रक्रिया फिर से शुरू नहीं होती, तब तक बीएसपी को किसी भी तरह की कार्रवाई रोकनी होगी।



■ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय से की मुलाकात

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## जोन तीन में विकास कार्यों का निरीक्षण

# आयुक्त ने सड़क से ब्रेकर हटाने व अन्य निर्माण की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने ज़ोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में प्रस्तावित और प्रगतिरत विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित नाली निर्माण, नवनिर्मित सड़क, सुलभ शौचालय, पिंक टॉयलेट, वाटर एटीएम और मार्केट क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**नाली निर्माण के पहले स्थल निरीक्षण :** आयुक्त ने जलेबी चौक लिंक रोड से लगे प्रस्तावित नाली निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य शुरू कराया जाए, जिससे सड़कों पर अनावश्यक पानी बहने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

समीपस्थ सब्जी मंडी जाने वाले नवनिर्मित सड़क पर बने ब्रेकरों के कारण नागरिकों को हो रही आवागमन की परेशानी को देखते हुए, आयुक्त ने तत्काल उन ब्रेकरों को उखड़वाने के निर्देश दिए।

नागरिकों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रस्तावित सार्वजनिक सुलभ शौचालय स्थल का अवलोकन किया और इसके निर्माण को जल्द कराने के निर्देश दिए।



### पिंक टॉयलेट का निरीक्षण

वार्ड क्र. 36 में महिलाओं के लिए निर्मित पिंक टॉयलेट का जायज़ा लिया और वहाँ पानी एवं साफ़-सफ़ाई की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। समीप में स्थापित वाटर एटीएम का भी अवलोकन किया। प्रगतिरत नवीन सुलभ शौचालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### साफ-सफाई व्यवस्था देखी

आयुक्त ने मार्केट की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और व्यापारियों की सुविधा हेतु शेड निर्माण कराने पर चर्चा की।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने साफ़-सफ़ाई और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ज़ोर दिया। इस अवसर पर ज़ोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक बसंत देवांगन, ज़ोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04




मेन्सवियर का भविष्य

## लाइव इवेंट

### आदिवासी अंचलों में लगाई प्रदर्शनी स्कूली बच्चों ने की सराहना



**भिलाई।** ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में लगातार मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन द्वारा प्रदर्शनी लगाई जा रही है। साल्हेकसा भानुप्रतापपुर में उनकी एक दिवसीय कला प्रदर्शनी के दौरान हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ों के नारों से आसमान गूंजायमान हो उठा। अंकुश देवांगन लगभग 35 वर्षों से बस्तर के धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों को निशुल्क कला सिखाते आ रहे हैं। उनका जन्म दल्ली राजहरा में हुआ जहां उन्होंने अपने आसपास के गांवों में नक्सली विचारधाराओं को पनपते देखा है। उन्होंने यह भी महसूस किया कि जो भी बच्चे उनसे कला की कुछ नज्में सीख जाते हैं वे कभी नक्सलाइड नहीं बनते। इस छोटे से विचार ने उन्हें एक नई दिशा दे दी और वे ताजीवन बच्चों और बड़ों को चित्र मूर्ति की शिक्षा देने लगे। युवावस्था के बाद वे दूर दराज के गांवों में भी जाकर प्रशिक्षण देते। भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी लगने के बाद भी अपने तमाम छुट्टियों का उपयोग इन पुण्यार्थ कार्यों में लगा देते हैं। जिसका सदैव ही उचित प्रतिफल सामने आता रहा है और उनके प्रशिक्षण से हजारों बच्चों को लाभ मिला है। ग्राम साल्हेकसा में उन्होंने अपने दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां और प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी के विश्व स्तरीय पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई। इसे देखने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों का हूजूम उमड़ पड़ा। उन्होंने मिनटों में बच्चों और शिक्षकों के पोर्ट्रेट बनाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। बच्चों को निशुल्क कला सामग्री वितरित की। इसके बाद एक लंबा जुलूस निकालकर बच्चों ने समस्त जनता से आव्हान किया कि हिंसा छोड़े और कला से नाता जोड़ें।

## सिटी इवेंट

### डिप्टी कलेक्टर यशवंत देवांगन ने साझा किए सफलता के सूत्र



**भिलाई।** डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में ऑफिसर एसोसिएशन बिल्डिंग प्रगति भवन सिविक सेंटर में आयोजित मार्गदर्शन एवं प्रेरणा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर यशवंत देवांगन उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन भिलाई के अध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव मोहम्मद रफ़ी सेफ़ी के पूर्व अध्यक्ष तुलाराम यादव, सेफी नॉमिनी अखिलेश मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति रही। राजेश शर्मा और नरेन्द्र बंछोर ने स्वागत संबोधन दिया। यशवंत देवांगन ने सीजीपीएससी में अपने चयन की पूरी तैयारी, समय प्रबंधन, अध्ययन पद्धति, मानसिक दृढ़ता और रणनीति को अत्यंत स्पष्टता एवं सरल भाषा में साझा किया। उन्होंने उपस्थित प्रतियोगी विद्यार्थियों के प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया, जिससे सत्र और अधिक संवादात्मक एवं उपयोगी बन गया। कार्यक्रम के अंत में डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से यशवंत देवांगन को भगवान गणेश की पीतल की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन रमेश कुमार व मंच संचालन अजय तमुरिया ने किया। इस अवसर पर उषाकर चौधरी, प्रमोद पूरी, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, अजय तमुरिया, खुशबू कुमार, शिवम सिंह, नैवेद्यम सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### स्कंद आश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, बांटी गई निःशुल्क दवा



**भिलाई।** हुडको में स्थित स्कंदाश्रम में मॉडल ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर के सहयोग से स्कंदाश्रम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान की भावना को जगाना और इस महत्व के प्रति आम मानस में जागरूकता फैलाना था। शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में कुल 39 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस दौरान डोनेट किए गए ब्लड को डॉ. भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा ताकि ज़रूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद स्वरूप प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कंदाश्रम की गुरु मां शिवरंजनी दीदी ने सभी रक्तदाताओं का हृदय से धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि खून अमूल्य है और इसे पैसे से खरीदा नहीं जा सकता, इसलिए रक्तदान को सर्वोच्च दान माना जाता है। छोटे गुरुजी रेड्डी स्वामी ने अधिक जानकारी दी कि 20 दिसंबर की सुबह स्कंदाश्रम परिसर में बवासीर (पाइल्स) शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लेजर पद्धति के द्वारा इलाज किया जाएगा जो पूर्णता निःशुल्क रहेगा।

● दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव में नजर आई ऐतिहासिक कालखंड की झलक

# भारत के स्वर्णिम इतिहास को दर्शाया, मोहनजोदड़ो से लेकर अब तक की नृत्य शैलियों को मंच में उतारा, मंत्री साव ने की सराहना

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में बुधवार को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव अनुगूंज 25 गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव रहे। दैनिक हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, सात्विक सिंधु, प्रबंधक एचएस बत्रा, पूर्व प्राचार्य परवीन रशीद, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों की प्रशंसा की। उत्सव का प्रमुख आकर्षण युग यात्रा रहा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने मोहन जोदड़ो सभ्यता से लेकर समकालीन नृत्य तक की विभिन्न नृत्य शैलियों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। ऐतिहासिक कालखंडों की झलक और आधुनिक कलात्मक अभिव्यक्तियों का यह अनूठा संगम दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति हेतु प्रेरित किया।



**दुर्ग।** विद्यालय की निदेशक पुनीता नेहरू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता, खेल-कूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन तथा वर्षभर की समग्र प्रगति का विस्तृत उल्लेख किया। समारोह के दौरान वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आर्केस्ट्रा समूह का संगीत, माइम तू खुद की तलाश में निकल का प्रेरक संदेश तथा जॉर्ज बर्नार्ड शॉ के प्रसिद्ध नाटक पिगमालियन की प्रभावशाली प्रस्तुति विशेष रूप से सराहनीय रहीं। छात्रों की रचनात्मकता, अभिनय और मंच-कौशल पूरे कार्यक्रम में झलकता रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को नई दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।





### बदलते युग के साथ इस तरह जम्बूद्वीप बना कल का इंडिया और आज का हिंदुस्तान

युग यात्रा के दर्शाया गया कि इतिहास का पहला पन्ना करीब 10 हजार साल पहले लिखा गया था। युग के बदलने के साथ देश को कई नाम मिले, जिसमें सबसे प्रचलित नाम भारत, हिन्दुस्तान और इंडिया है। उत्तरवैदिक काल के विभिन्न धर्मग्रंथों में देश को महान सम्राट चक्रवर्ती राजा भरत के सम्मान में भारत कहे जाने का उल्लेख है। विष्णु पुराण, वायु पुराण, लिंग पुराण, ब्रह्माण्ड पुराण, अग्नि पुराण, स्कन्द पुराण और मार्कण्डेय पुराण में यह नाम आता है। भारत ने सिंधु घाटी सभ्यता के दौरान हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, कालीबंगा, रंगपुर जैसे नगरों का विकास देखा। वहीं आर्य सभ्यता में गांधार अफगानिस्तान का कंधार, पुरुषपुर पाकिस्तान का पेशावर, तक्षशिला पाकिस्तान, पाटलिपुत्र पटना, उज्जयिनी उज्जैन, कौशाम्बी जैसे शहरों का विकास हुआ। इसी दौर में दक्षिण भारत के निवासियों ने समुद्र पार दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय संस्कृति का प्रसार किया, जिसके प्रमाण इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया आदि देशों में मिलते हैं। जैन परंपरा के अनुसार भगवान ऋषभदेव, नाभिराज के पुत्र थे। ऋषभदेव के पुत्र भरत थे। उनके ही नाम पर इस देश को नाम भारतवर्ष मिला। स्कन्द पुराण अध्याय 37 विष्णुपुराण, वायुपुराण, लिंगपुराण, ब्रह्माण्डपुराण, अग्निपुराण और मार्कण्डेय पुराण में भी ऐसा ही उल्लेख है। इस प्रकार इतिहास को युग यात्रा के माध्यम से दर्शाया गया।







### स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित, विजेता प्रतिभागी भी पुरस्कृत

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया, जिसे सभी अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। वार्षिक उत्सव में प्राचार्य व निदेशक श्रीमती पुनीता नेहरू ने पिछले शैक्षणिक सत्र की उपलब्धियों और गतिविधियों को वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से साझा किया। साव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य की प्रशंसनीय नेतृत्व क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय की दिशा और दशा निर्धारित करने में प्राचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और डीपीएस स्कूल का नेतृत्व उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। साव अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि डीपीएस विद्यालय में पढ़ना छात्रों का सौभाग्य है, जहां प्राचार्य ऊर्जावान और संवेदनशील नेतृत्व प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके जीवन का हर एक मिनट बेहद कीमती है। यदि इसे समझ लिया जाए तो ऊँचाइयों को छूने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने छात्रों से माता-पिता के सपनों को साकार करने और परिवार का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि डिप्रेशन जैसे शब्द को अपनी डिक्शनरी से हटा दें। छोटी-मोटी असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उनसे सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रेरणादायी पंक्तियों के साथ छात्रों में उत्साह का संचार किया-हौसला है तो चल के मंजर भी आएगा, प्यासे के पास चलकर समंदर भी आएगा, मंजिल भी मिलेगी और जीने का मजा भी आएगा।

अच्छी खबर : साइंस कॉलेज के स्टूडेंट्स ने खोजी शुगर के इलाज के लिए संभावित दवा

# कसही के पौधों में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-डायबिटिक एलिमेंट्स, जो ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन को नियंत्रित रखने में सहायक

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** शुगर की बीमारी से लंबे समय से परेशान चल रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। आने वाले दिनों में शुगर की बीमारी का स्थाई समाधान निकलने जा रहा है। साइंस कॉलेज के शोधार्थी सोमेंद्र कुमार ने डायबिटीज़ उपचार की संभावित दवा खोजी है। इसे छत्तीसगढ़ के वैज्ञानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग में सेवारत सोमेंद्र कुमार ने मधुमेह (डायबिटीज़ मेलिटस) के उपचार के लिए एक नई संभावित हर्बल दवा फ्राइडेलिन की खोज की है। यह खोज मधुमेह जैसी वैश्विक महामारी के लिए एक सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित समाधान प्रस्तुत कर सकती है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि देश के हर्बल और बायोमेडिकल शोध को भी एक नई दिशा प्रदान करती है। यह शोधकार्य प्रो. अनिल कुमार, प्राचार्य, शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज, जगदलपुर के मार्गदर्शन तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग साइंस कॉलेज के अनुसंधान केंद्र में हुआ है। विशेषज्ञों ने बताया कि डायबिटीज़ विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बीमारियों में से एक है। यह विश्वभर में तीव्र गति से फैलने वाला एक चयापचयी विकार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार नई, सुरक्षित और प्रभावी दवाओं की तत्काल आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से शोधार्थी ने पारंपरिक औषधीय पौधे ब्रिडेलिया रेटुसा (स्थानीय नाम कसही) का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया। यह पौधा ग्रामीण व जनजातीय समुदायों में वर्षों से मधुमेह व अनेक रोगों के उपचार में उपयोग किया जाता रहा है, परन्तु वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के अभाव में आधुनिक चिकित्सा में इसका स्थान सुनिश्चित नहीं हो पाया था।

### इस तरह से खोजा गया इलाज, दवा की गई तैयार

प्राध्यापकों ने बताया कि ब्रिडेलिया रेटुसा से प्राप्त प्राकृतिक ट्राइटरपेनॉइड फ्राइडेलिन में शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-डायबिटिक और ऑर्गन-प्रोटेक्टिव गुण पाए जाते हैं। यह ग्लूकोज मेटाबॉलिज़्म को नियंत्रित, इंसुलिन स्राव को संतुलित करता है। अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुरक्षा और पुनर्जनन को बढ़ावा देता है। साथ ही अल्फा एमाइलेज़ एवं अल्फा ग्लूकोसिडेज़ अवरोधन, जीपीपी-4, पीटीपीवनबी, जीएसके बीटा जैसे एंज़ाइमों पर नियंत्रण और लिवर-किडनी संरक्षा के माध्यम से समग्र ग्लूकोज होमियोस्टेसिस बनाए रखता है। यह अध्ययन फाइटोकेमिकल विश्लेषण, इन-विट्रो, इन-विवो और इन-सिलिको तकनीकों द्वारा प्रमाणित किया गया है, जिससे फ्राइडेलिन को आधुनिक औषधि-विकास हेतु एक महत्वपूर्ण लीड मोलेक्यूल के रूप में स्थापित किया गया तथा भारतीय पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक आधार प्रदान हुआ।



### यह इलाज सस्ता और प्राकृतिक विकल्पों पर आधारित

यह शोध आधुनिक जीवनशैली से बढ़ती डायबिटीज़ की समस्या के लिए फ्राइडेलिन आधारित एक सुरक्षित, सस्ता और प्राकृतिक विकल्प प्रस्तुत करता है। यह प्री-डायबिटिक अवस्थाओं की रोकथाम में सहायक होने के साथ-साथ नई एंटी-डायबिटिक दवा के विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। साथ ही, पारंपरिक औषधीय ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाण देकर हर्बल उद्योग, किसानों और पर्यावरणीय संरक्षण के लिए नए अवसर प्रदान करता है। प्राचार्य एके सिंह ने इस शोध को संस्थान एवं छत्तीसगढ़ के लिए असाधारण वैज्ञानिक प्रगति बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल भविष्य में डायबिटीज़ उपचार के क्षेत्र को नई दिशा देगी, बल्कि राज्य को औषधीय अनुसंधान की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करने की क्षमता भी रखती है। इस शोध के लिए डॉ. श्वेता पांडेय, प्रो. जगजीत कौर सलूजा, प्रो. अनुपमा अस्थाना, प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव, प्रो. गोवर्धन सिंह ठाकुर, डॉ. मोतीराम साहू, डॉ. निखिल मिश्रा, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सतीश सेन, और डॉ. श्रीराम कुंजाम ने बधाई दी है।

## सिटी इवेंट

### अन्न बचाओ सतत उतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाये नाली में अभियान जारी



**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्न बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के संरक्षक वीरेन्द्र सतपथी व महिला काउंसलर अधिवक्ता शहाना कुरैशी ने अभियान की शुरुआत की। अध्यक्ष सुरेश खांडवे कहा कि थाली में उतना ही लें जितना खा सकें, ताकि कीमती अन्न नाली में न जाकर जरुरतमंदों तक पहुंचे। अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारी व स्वयंसेवक शादी–समारोह, सामाजिक कार्यक्रमों, सामुदायिक सभाओं और भोज आयोजनों में पहुंचकर पोस्टर लगाते हैं। कैटरर्स व आयोजकों से सहयोग का अनुरोध करते हैं। आमंत्रित नागरिकों से अन्न बर्बाद न करने का संकल्प लेने की अपील करते हैं। संस्था की एक विशेष टीम रात में बचा हुआ स्वच्छ भोजन जरुरतमंद परिवारों, श्रमिकों, असहाय लोगों व फुटपाथ पर रहने वालों तक पहुँचाने का मानवीय कार्य भी निरंतर कर रही है। भारत विश्व का एक प्रमुख अन्न उत्पादक देश है, परन्तु यहां हर वर्ष लगभग 6–7 करोड़ टन भोजन व्यर्थ चला जाता है, जो करोड़ों भूखों को भोजन करा सकता है। विश्व में उत्पादित कुल भोजन का एक तिहाई बर्बाद हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में आज भी 70 करोड़ से अधिक लोग भूख और कुपोषण से जूझ रहे हैं। वहीं यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, इथियोपिया, दक्षिण सूडान, हैती, सोमालिया जैसे देशों में करोड़ों लोग भुखमरी के कगार पर हैं। इस अभियान में सतत कार्यरत संस्था के प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, गायत्री गोस्वामी, भेखराम साहू, घनश्याम पांडे, रघुवंश सैनी, रमेश प्रजापति, नितिन दीक्षित, विष्णु यादव, अशोक सोनी, नोहर सिंह, भागवत वर्मा, दीपक रुद्रा, जया सरनाइक, बॉबी दिल्लिवार, सुधा शर्मा, अरुणा शर्मा, रिज़वान खान, नगीना मोहम्मद, देविका साहू, साधना मौर्य, दीना सोनी, संतोष उमरीकर, रामकुमार लदेर सहयोग कर रहे हैं।

## स्पोर्ट्स लाइव

### अंतर विवि बालीबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने सीएसवीटीयू की महिला टीम रवाना




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई की महिला व्हॉलीबॉल टीम अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 10 से 14 दिसंबर तक गुरूघासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित है। सीएसवीटीयू का पहला मुकाबला हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के विरुद्ध 11 दिसंबर को होगा। प्रतियोगिता से पूर्व टीम को बीआईटी दुर्ग में 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान की गई, जिससे टीम के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट तैयारी का अवसर मिला। टीम को संपूर्ण गणवेश के साथ हरी झंडी दिखाकर सीएसवीटीयू नेवई परिसर से रवाना किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन और खिलाड़ियों की प्रगति के लिए कुलसचिव डॉ. अमित सिंह राजपूत, प्रभारी विश्वविद्यालय खेल विभाग किशोर कुमार भारद्वाज तथा बीआईटी दुर्ग प्रशिक्षण कैंप प्रभारी और वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, पूर्व लेफ्टिनेंट केपी यादव वरिष्ठ खेल अधिकारी सीएसआईटी दुर्ग, सहायक खेल विभाग ओंकारदत्त कश्यप व खेल सहायक सियाराम साहू ने प्रोत्साहित किया। टीम में मैनेजर प्रोफे. लिलिमा बघेल प्र. खेल अधिकारी केवीआईपी रायपुर, कोच राहुल रेड्डी व विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी व पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से महिला खिलाड़ी मिताली ठाकुर, सीमा मुचाकी, रितिका जांगड़े, आरती सिंह, इक्षा सिंह, तोषानी साहू, राखी सिंह, आदिति गुप्ता, नंदिता प्रजाति, रिचा रानी , मनीषा निर्मलकर, स्वेता गिरी शामिल हैं।

## सिटी इवेंट

### सनौद में पंडवानी मेला, कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**दुर्ग।** लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी का 46 वां स्थापना दिवस सनौद में हुआ। छत्तीसगढ़ी लोककला एवं लोक गाथा पंडवानी को निरंतर बढ़ावा देने की दृष्टि से पद्मश्री स्व. पूनाराम निषाद ने 5 दिसंबर 1979 में लोक कला मंच पंडवानी का गठन किया गया। इस मंच द्वारा 46 वां स्थापना दिवस सनौद ग्राम में आयोजित किया गया। इसमें पंडवानी मेला सहित क्षेत्रीय लोक कलाओं की मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गईं। संगीता सिन्हा विधायक बालोद, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही प्रमुख रूप से मौजूद थे। अध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि अब तक संस्था ने 45 अलग-अलग स्थान पर लोक कला महोत्सव और पंडवानी का आयोजन कर अन्य क्षेत्रीय लोक कलाओं, नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहित किया है। हर वर्ष नए कलाकारों व विलुप्त होती विधाओं को खोज कर प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मंच के नए सदस्यों सहित मोतीराम निषाद, मानमति पटेल, कस्तूरी यादव, शांति बाई सोनभद्र को निर्धन सम्मान, लोक कला सम्मान 25 सत्संग बालिका पंथी पार्टी निकुम और स्व. पुनाराम निषाद सम्मान दुष्यंत द्विवेदी अमलेश्वर युवा पंडवानी गायक को प्रदान किया गया। संगीता सिन्हा ने छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पंडवानी कलाकारों द्वारा गठित पंडवानी लोक कला मंच का कार्य बेहद प्रशंसनिक है। इस मौके पर रोहित कुमार निषाद एवं साथियों द्वारा ध्वजारोहण गीत, सुनीता साहू बलौदाबाजार, दुष्यंत द्विवेदी आमापारा बालोद, टोमिन बाई निषाद कोकड़ी, चेतन देवांगन पाहंदा द्वारा पांडवानी की बेहद रोचक प्रस्तुति दी गई। प्राचीनतम विद्या खड़ी साज नाच, चिकारा वादक हेम लाल साहू निर्मोही, मनराखन दास बंजारे, राम कुमार वर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राज कुमार पांडेय, तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मी अशोक साहू, लोचन विश्वकर्मा, आशीष साहू, घनश्याम निषाद, डिगेश्वर नाथ साहू सरपंच, पुखराज निषाद, उमेश कुमार आदि ने माता सरस्वती, श्रीकृष्ण और स्व. पूनाराम निषाद के तैल चित्र पर माल्यार्पण और धूप-दीप प्रज्वलित किया।

---

सीएसवीटीयू एकीकृत राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन, 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# बुद्धिमत्ता व अनुशासन का उत्कृष्ट संगम है शतरंज

# दोनों वर्गों में एसएसआईपीएमटी बने विजेता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्याय सीएसवीटीयू के तत्वावधान में एकीकृत राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन एलसीआईटी महाविद्यालय बिलासपुर की मेजबानी में हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों से 20 पुरुषों व 12 महिलाओं की टीम ने भाग लिया जिसमें लगभग 200 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा बिना टीम के रैंकिंग वाले खिलाड़यिों ने भी ट्रायल में भाग लेकर विवि टीम में अपनी जगह बनाई।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया



महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में कड़े मुकाबले देखने को मिले। उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विजेता व उपविजेता टीमों को प्रभारी विश्वविद्यालय खेल विभाग किशोर कुमार भारद्वाज ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसमें पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग की विजेता एसएसआईपीएमटी टीम रही। वहीं पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग की उप-विजेता शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर टीम रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एलसीआईटी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन प्रमोद कुमार जैन ने की। इस अवसर पर एलसीआईटी के वाइसचेयरमैम अंकित जैन, सचिव उपकार राय, इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ. राजेश जयसवाल एवं उप प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, एलसीआई ऑफ कामर्स के प्राचार्य डॉ.अर्चना शुक्ला , स्कूल ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. रितेश जैन, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. संदीप गुप्ता भी मौजूद थे। प्रतियोगिता की संचालन व्यवस्था खेल अधिकारी एवं आयोजन सचिव ओमकार जायसवाल ने संभाली। प्रतियोगिता की निगरानी पर्यवेक्षक कोंडल राव, वरिष्ठ खेल अधिकारी बीआईटी दुर्ग तथा पूर्व लेफ्टिनेंट केपी यादव खेल अधिकारी द्वारा की गई। चयनकर्ता शुभम सोनी व रॉकी देवांगन, आर्बिटर के साथ विभिन्न महाविद्यालयों से आए कोच व मैनेजर एवं बड़ी संख्या में स्थानीय विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है शतरंज का खेल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलसीआईटी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन प्रमोद कुमार जैन ने शतरंज मस्तिष्क को तीक्ष्ण बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में धैर्य, रणनीति और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। एलसीआईटी समूह के वाइसचेयरमैम अंकित जैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ मानसिक खेलों में उत्कृष्टता युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाती है। छात्र-छात्राओं की भागीदारी अत्यंत उत्साहजनक है। प्र. विवि खेल विभाग किशोर कुमार भारद्वाज ने कहा कि विश्वविद्यालय शतरंज टीम का गठन पारदर्शी प्रक्रिया से किया जा रहा है, जिससे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरविश्वविद्यालयीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। शतरंज खेल बुद्धिमत्ता और अनुशासन का उत्कृष्ट संगम है। खिलाड़ियों की प्रतिभा देखकर विश्वास है कि छत्तीसगढ़ की टीम राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करेगी। आगामी समय में सीएसवीटीयू का प्रतिनिधित्व करने अखिल भारतीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता हेतु मुख्य टीम के लिए 5-5 तथा प्रतिक्षा सूची में 2-2 खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय शतरंज टीम चयनकर्ताओं द्वारा किया गया। चयनित खिलाड़ियों की सूची बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय को भेज दी गई है।

---

ऑरेंज द वर्ल्ड थीम पर किया आयोजन

# महिला हिंसा का प्रतिकार विषय को लेकर निकाली जागरुकता रैली



**दुर्ग।** इनरव्हील क्लब द्वारा ऑरेंज द वर्ल्ड के अंतर्गत नाना–नानी पार्क में एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य महिला हिंसा का प्रतिकार तथा महिलाओं को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक हिंसा के प्रति जागरूक करना रहा। क्लब सदस्यों ने कहा कि आज के समय में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को देखते हुए, कार्यक्रम में विशेष रूप से यह संदेश दिया गया कि महिलाएं चुप न रहें, अपनी आवाज़ उठाएं। उन्हें बताया गया कि ज़रूरत पड़ने पर वे महिला आयोग, महिला थाने, हेल्पलाइन नंबर या अन्य संबंधित संस्थाओं से संपर्क कर सकती हैं और स्वयं या अपनी सहेलियों की समस्याओं को खुलकर सामने ला सकती हैं। इस अभियान का मुख्य संदेश चुप्पी तोड़ो, हिंसा रोकों, नुक्कड़ नाटक एवं ज़ुम्बा सत्र रहा। नाटक की रचना एवं निर्देशन डॉ. सुजाता जयराम अय्यर ने की। मुख्य अतिथि महापौर अल्का बघमार रहीं। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष दोनों पर होने वाले किसी भी प्रकार के अत्याचार को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें अपनी संस्कृति और मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज को सुरक्षित बनाना है। विशेष अतिथि एएसपी प्रज्ञा मिश्र ने महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर, महिला थाने की कार्यप्रणाली और उपयोगी जानकारी दी। पायल अग्रवाल ने क्लब के इस प्रयास की प्रशंसा की तथा चेंबर ऑफ कामर्स की महिला विंग अध्यक्ष पायल जैन ने अपने सहयोग की इच्छा व्यक्त की।

इस अवसर पर नताशा दुआ, नेहा मित्तल, रसिका बहादुर, चित्रा बहादुर, अदिति बहादुर, मोनिका खेतान, भावना मनसुखानी, भावना जौतवानी, पूनम जौतवानी, रंजन अग्रवाल, निधि पिल्लै, निधि देशलहरा, वर्षा झावर, रंज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

---

11 से 21 तक होंगे कार्यक्रम

# धामेश्वरी देवी की आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला आज से



**भिलाई।** ब्रज मंडल सेक्टर 6 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी की 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला शुरू हो गई है। 11 से 21 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में रोज शाम 5 से 7 बजे तक प्रवचन होंगे।

आज के जीवन में लोग भागदौड़ और तनाव में उलझते जा रहे हैं। ऐसे समय में संत ही दिशा दिखाते हैं। यही संदेश धामेश्वरी देवी अपने प्रवचनों के माध्यम से दे रही हैं। वे मनुष्य जीवन की दुर्लभता, भगवद्प्राप्ति का लक्ष्य, मन की शरणागति, गुरु की महत्वता और वेद, शास्त्र, गीता, भागवत जैसे ग्रंथों की सीख को सरल भाषा में समझा रही हैं।

**ब्रज मंडल सेक्टर-6 स्थित राधा कृष्ण मंदिर में होगा आयोजन**

कृपालु महाराज के जीवन और ज्ञान की महिमा भी इस श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कम उम्र से ही वे अद्भुत मेधा और भक्ति के लिए पहचाने गए। उनकी विद्वता से प्रभावित होकर काशी विद्यत परिषद ने उन्हें 'जगद्गुरुत्तम' की उपाधि दी। वृंदावन का प्रेम मंदिर, बरसाना धाम का कीर्ति मंदिर और मनगढ़ का भक्ति मंदिर उनके ही दिव्य उपहार हैं। तीनों स्थानों पर संचालित निःशुल्क चिकित्सालय समाज सेवा का उदाहरण हैं। धामेश्वरी देवी बचपन से ही कृष्णभक्ति में रहीं। 16 वर्ष की उम्र में गुरुदेव के चरणों में समर्पित होकर उन्होंने अपना जीवन सनातन धर्म के प्रचार में लगा दिया। ओडिशा की उत्कल यूनिवर्सिटी से संस्कृत में एमए करने के बाद उन्होंने गुरु से प्राप्त ज्ञान को देशभर में पहुंचाया। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में उनके प्रवचनों से हजारों लोग आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़े हैं।

---

20 सितंबर से प्रारंभ हुए 113 उपवास का समापन, अंतिम दिन पूर्णाहुति

कार्नर न्यूज

# तप केवल भोजन का त्याग नहीं गलत विचारों का नाश भी है

# गुरुओं और समाज के लोगों के आशीर्वाद से यह बढ़ता है आगे

**दुर्ग।** जैन धर्म की साधना में तपस्या को आत्मशुद्धि का सर्वोच्च साधन माना गया है। शरीर को अनुशासित कर आत्मा को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने का यह मार्ग बहुत कठिन है, परंतु जब कोई साधक दृढ़ निष्ठा और अविचल संकल्प से इस मार्ग को चुनता है, तो उसका हर कदम समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। ऐसी ही एक विलक्षण साधना और अद्वितीय संकल्प की उदाहरण किरण देवी संचेती हैं, जो तीन मासक्षमण की कठिन तपश्चर्या पूर्ण कर अब निरंतर चौथे मासक्षमण की ओर अग्रसर हैं। 20 सितम्बर से प्रारंभ इस तप की पूर्णाहुति बुधवार को हुई। समाज के प्रमुखों ने बताया कि किरण देवी छत्तीसगढ़ की पहली जैन महिला साधक हैं जिन्होंने इतनी बड़ी तपस्या की ओर कदम आगे बढ़ाया। श्रमण संघ परिवार एवं सकल जैन समाज ने उनक भरपूर सहयोग किया। लगातार एक साथ चार माह के करीब केवल दिन में तीन बार गर्म पानी पी कर (सूर्यास्त के बाद नहीं) यह उत्कृष्ट उपवास साधना लोगों को हैरत में डाल दिया है। तप साधना के साथ स्वध्याय सेवा में भी उनकी भूमिका सरहानीय मानी जा रही है। लगभग 30 वर्षों से जहां जैन गुरु भगवंत साध्वी चातुर्मास हेतु नहीं पहुंच पाते हैं, उन स्थानों पर देश के विभिन्न क्षेत्र में जाकर स्वाध्याय सेवा का अनुकरणीय कार्य भी उनके द्वारा किया जा रहा है।

### चार मासक्षमण यात्रा के साथ आध्यात्म भी

किरण देवी संचेती ने चार मासक्षमण के करीब जिस अनूठी आध्यात्मिक यात्रा को आगे बढ़ाया है, वह स्वयं में एक अद्भुत प्रेरणा है। यह केवल तपस्या नहीं, बल्कि आत्मबल, धैर्य, संयम और विश्वास का अद्वितीय संगम है। उनकी यह तपश्चर्या साधना की मर्यादा और जीवन के उच्च आदर्शों को चरितार्थ करने का दिव्य उदाहरण बन गई है। उनकी साधना का अगला चरण और भी अलौकिक है। उन्होंने 113 उपवास पूर्ण करने का संकल्प लिया है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि एक ऐसी आध्यात्मिक चोटी है जिस पर पहुंचना अदम्य इच्छाशक्ति, गहन श्रद्धा है।

### 25 साल पहले आचार्य सुमति प्रकाश के सानिध्य में शुरू की तपस्या

समाज के नवीन संचेती ने बताया कि किरण देवी ने वर्ष 2000 से जैन संत सुमति प्रकाश की प्रेरणा से तपस्या की शुरुआत की। पहला मासक्षमण सम्पन्न किया। उसके बाद से अब तक 6 मासक्षमण पूर्ण किया है। इसके अलावा 33, 35, 41, 51 उपवास की तपस्या भी निर्विघ्नता से पूरी की है। वे हमेशा प्रेरणा देती हैं। धर्म से जुड़े गुरु भगवंतों की सेवा, भक्ति करती हैं। श्रमण संघ परिवार में नित प्रतिदिन तपस्या का नया कीर्तिमान उन्होंने स्थापित किया है, जो दुर्ग जैन समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है।



### अंदर के विकार को मारना है


किरण देवी बताती है कि जैन दर्शन कहता है कि तप का अर्थ केवल भोजन का त्याग नहीं, बल्कि अपने भीतर बसे विकारों, तृष्णाओं, क्रोध-अहंकार जैसे आंतरिक शत्रुओं का परास्त करना है। इससे ही जीवन का गहन अर्थ साकार हो सकता है। हर तप, उपवास, हर नियम, हर संयम मानो आत्मा की पवित्रता की ओर उठाया गया एक नया कदम है।

### गुर, परिजनों और समाज के लोगों का आशीर्वाद भी तप की यात्रा

नवीन संचेती ने कहा कि साधना के इस दुर्लभ मार्ग पर चलते हुए उन्हें समाज, परिवार और गुरु-भगवतो तो तथा साध्वी समुदाय का आशीर्वाद मिलता रहा है। वह भी इस तप यात्रा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब साधक का संकल्प और समाज का समर्थन एक सूत्र में बंध जाते हैं, तब ऐसे अद्भुत अध्याय जन्म लेते हैं, जिन्हें धर्म इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया जाता है। यह व्यक्तिगत साधना की कहानी नहीं, बल्कि समूचे समाज के लिए प्रेरणा का आलोक है। उनका यह अद्भुत संकल्प और अनुभूत तपोबल सभी को यह संदेश देता है। इस अवसर पर 1111 साधकों ने छोटे-छोटे व्रत संकल्प लेकर इस साधना में अपना नाम लिखवाया।

## हेल्थ टिप्स

### रोज सिर्फ 10 मिनट करें यह योगासन 45 में मिलेगा 25 जैसा लुक



करीना कपूर खान की टोंड बॉडी और यंग ग्लो का राज विपरीतकरणी आसन है। सेलिब्रिटी ट्रेनर अंशुका परवानी का कहना है कि रोज सिर्फ 10 मिनट पैरों को दीवार पर टिकाकर लेटने से तनाव, सूजन, थकान और हार्मोनल असंतुलन कम होता है। महिलाओं के लिए इस आसान योगासन के कमाल के फायदे जानें।

बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपनी टोंड बॉडी और जवां निखार के लिए जानी जाती हैं। वह खुद को फिट रखने के लिए रोज योगासन करती हैं। यह बात तो लगभग सी जानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि विपरीतकरणी आसन भी बेबो के फिटनेस रूटीन का जरूरी हिस्सा है? जी हां, सिर्फ 10 मिनट तक बिस्तर पर लेटकर पैरों को दीवार से टिकाकर रखने वाला यह आसन बेबो के फिटनेस और यंग लुक का बड़ा राज माना जाता है। यह आसन दिखने में जितना आसान लगता है, इसके शरीर और दिमाग पर उतने ही कमाल के फायदे हैं। इसकी जानकारी हमें सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर अंशुका परवानी के



इंस्टाग्राम से मिली है। करीना के अलावा अंशुका परवानी आलिया भट्ट और कई सेलिब्रिटी को भी ट्रेन करती हैं।

फिटनेस कोच का कहना है कि यह योगासन हर महिला को अपने डेली रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। अपने पैरों को दीवार पर टिकाकर लेटना शरीर के कई हिस्सों में जमा तनाव तुरंत कम होता है और आप अंदर से हेल्दी और रिफ्रेश महसूस करती हैं। इस आसन आपको कई अद्भुत फायदे मिलते हैं।

#### विपरीतकरणी आसन की विधि

इसे करने के लिए दीवार के पास शांत



जगह चुनें। योगा मैट बिछाएं। इस योगासन को आप बिस्तर पर भी कर सकती हैं। शरीर की पोजिशन सेट करें। घुटने मोड़कर दीवार के एकदम पास बैठें। धीरे-धीरे करवट लेकर लेटें। अब पैरों को दीवार पर ऊपर की ओर सीधा कर दें। आपकी कमर दीवार से लगभग 2-3 इंच दूर होनी चाहिए। पैरों को बिल्कुल सीधा रखें, पंजे ढीले छोड़ दें। हाथ शरीर के बगल में ढीले और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। आंखें बंद करें और नाक से गहरी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। पेट को रिलैक्स रखें। शुरुआत में 1-3 मिनट तक रहें। आदत हो जाए तो 10 मिनट तक करें। यही बेबो का रूटीन है। इसे सुबह उठते ही या रात सोने से पहले बिस्तर पर लेटकर भी किया जा सकता है।

#### विपरीतकरणी आसन के फायदे

यह पेट की सूजन और ब्लोटिंग को कम करता है। लसीका तंत्र को तेज करता है, जिससे शरीर में मौजूद टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं। चिंता, तनाव और ज्यादा सोचने की समस्या कम होती है और मन तुरंत शांत होने लगता है। मसल्स का तनाव दूर करता है और शरीर रिलैक्स होता है। रात को गहरी और शांत नींद आती है। शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है, जिससे बीमारियां कम पकड़ती हैं। दिमाग को शांत करता है।

### प्रोटीन तीन मुख्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से एक...

# प्रोटीन की कमी बन सकती है ओवर ईटिंग का कारण, वजन भी बढ़ सकता है आपका

शरीर में प्रोटीन का संतुलित प्रभाव रखता है आपकी सेहत को दुरुस्त

प्रोटीन एक ऐसा मैक्रो न्यूट्रिएंट्स है, जो शरीर के लिए बेहद ही जरूरी माना गया है। जब शरीर में इसकी कमी हो जाती है तो इससे ना केवल कई तरह के हेल्थ इश्यूज होते हैं, बल्कि इससे आप ओवरईटिंग करना भी शुरू कर देते हैं।

शरीर को सुचारू रूप से चलाने के लिए कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। इन्हीं में से एक है प्रोटीन। प्रोटीन तीन मुख्य मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से एक है। जिसका अर्थ है कि शरीर को इसकी अधिक जरूरत होती है। हालांकि, अधिकतर लोग पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन नहीं लेते हैं। जिसके कारण उन्हें कई तरह की हेल्थ समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन क्या आपको इस बात की जानकारी है कि प्रोटीन की कमी के चलते आप ओवरवेट भी हो सकते हैं, क्योंकि आप ओवरईटिंग करना शुरू कर देते हैं।

अधिकतर लोग इस बात से अनजान होते हैं कि ओवरईटिंग और प्रोटीन इनटेक का आपस में क्या कनेक्शन है या फिर प्रोटीन की कमी से लोग ओवरईटिंग क्यों करते हैं। सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु



पुरी बता रही हैं कि प्रोटीन की कमी किस तरह से ओवरईटिंग की वजह बनती है-

#### नहीं होती संतुष्टि

अगर आप प्रोटीन इनटेक कम लेते हैं तो इससे आपको वह तृप्ति या संतुष्टि का अहसास नहीं होता है। प्रोटीन को कार्बोहाइड्रेट या फैट की तुलना में अधिक तृप्ति देने वाला माना जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब आप प्रोटीन रिच फूड खाते हैं तो वे लेप्टिन और कोलेसीस्टोकिनिन जैसे हार्मोन को रिलीज करते हैं। जिससे आपके ब्रेन को यह संकेत मिलता है कि आपका पेट भर गया है। लेकिन जब आप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन नहीं लेते हैं तो इससे आपको वह संकेत सही ढंग से नहीं मिल पाता है और ऐसे में आप ओवरईटिंग कर सकते हैं।

#### जल्दी लगती है भूख


प्रोटीन रिच फूड लेने का एक लाभ यह होता है कि वे शरीर में धीरे-धीरे टूटते हैं और इससे आपको लगातार एनर्जी मिलती रहती है। चूंकि प्रोटीन धीरे-धीरे टूटता है, इसलिए आप लंबे समय तक फुलर महसूस




करते हैं और आपको जल्दी भूख नहीं लगती है। लेकिन जब आप प्रोटीन सही ढंग से नहीं लेते हैं तो आपको कुछ ही वक्त में दोबारा भूख लगने लगती है। ऐसे में आप आसानी से ओवर ईटिंग कर लेते हैं।

#### होती है अनहेल्दी क्रेविंग्स

प्रोटीन की कमी के चलते आपको अनहेल्दी फूड आइटम्स के प्रति क्रेविंग्स भी हो सकती है। दरअसल, प्रोटीन रिच फूड खाने से आप अधिक सेटिस्फाई फील



करते हैं। ऐसे में आपका स्नैक्स या अनहेल्दी फूड आइटम्स खाने का मन कम ही करता है। लेकिन जब आपकी डाइट में प्रोटीन कम हो जाता है तो इससे आप हाई कैलोरी या फिर शुगर रिच फूड खाना शुरू कर देते हैं। इतना ही नहीं, आप इन फूड्स को अधिक मात्रा में खाते हैं।

#### बढ़ जाती है भूख

प्रोटीन घ्रेलिन और लेप्टिन जैसे हंगर हार्मोन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। दरअसल, घ्रेलिन भूख को उत्तेजित करता है, जबकि लेप्टिन आपको फुलनेस का अहसास देता है। जब प्रोटीन का सेवन अपर्याप्त होता है, तो ऐसे घ्रेलिन का लेवल बढ़ सकता है, और लेप्टिन का लेवल कम हो जाता है। जिसके चलते आपको अधिक भूख लगती है और आप ना चाहते हुए भी ओवरईटिंग करना शुरू कर देते हैं।



## सिटिंग जॉब में खुद को एक्टिव रखने के लिए अपनाएं ये छोटे-छोटे टिप्स

सिटिंग जॉब में काम करते हुए खुद को हेल्दी और एक्टिव रखना काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाती हैं तो सिटिंग जॉब में भी आप खुद को एक्टिव रख सकती हैं।जो लोग ऑफिस में काम करते हैं, उन्हें अक्सर अपने शरीर में एनर्जी फील ही नहीं होती है।

दरअसल, उन्हें लंबे समय तक कुर्सी से चिपककर काम करना पड़ता है। जिसके कारण उनका लाइफस्टाइल उतना एक्टिव नहीं होता है। इतना ही नहीं, कई बार तो उन्हें लंच करने का भी मौका नहीं मिलता है। जिससे वे कुछ भी खा लेते हैं और इससे भी उनकी हेल्थ पर विपरीत असर पड़ता है।

यह देखने में आता है कि सिटिंग जॉब करने वाले अधिकतर लोग किसी ना किसी तरह की हेल्थ प्रोब्लम से जूझ रहे होते हैं। ऐसा उनकी इनएक्टिव लाइफ के कारण भी हो सकता है। हालांकि, उनकी हमेशा यही शिकायत होती है कि वे अपनी लाइफ को उतना एक्टिव नहीं रख पाते हैं।

तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ



ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रही हैं, जिनकी मदद से आप सिटिंग जॉब में भी खुद को एक्टिव रख पाएंगी-

#### सही हो शुरुआत

कहते हैं कि अगर दिन की शुरुआत सही हो तो पूरा दिन अच्छा गुजरता है। इसलिए आप भी अपने दिन की शुरुआत किसी ना किसी तरह की फिजिकल एक्टिविटी से ही करें। जरूरी नहीं है कि आप जिम ज्वॉइन करें। आप वॉक पर जा सकते हैं, योगा कर सकते हैं या फिर फैमिली के साथ बैडमिंटन खेल सकते हैं। यह पूरी तरह आप पर है कि आपको क्या पसंद है। कोशिश करें कि आप दिन की एक एक्टिविटी ऐसी जरूर रखें, जिसमें आप फिजिकली इनवॉल्व हो सकें। हो सकता है कि शुरुआत में आपको कुछ दिन थकान का अहसास हो। लेकिन जल्द ही आपका शरीर इस बदलाव को स्वीकार कर लेगा और आप अधिक एक्टिव रहेंगे।

#### खाएं घर का खाना

कई बार लोग जल्दबाजी में नाश्ता नहीं करते हैं और लंच भी नहीं लेकर जाते हैं। बाद में, वह ऑफिस कैंटीन से कुछ खा लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आप कभी भी खुद को एक्टिव फील नहीं कर सकते। हमेशा अपने मील पहले प्लॉन करें और उसकी तैयारी भी कर लें। अगले दिन आप घर का बना खाना ही ऑफिस लेकर जाएं। कोशिश करें कि आपके लंच में बैलेंस्ड मील हों। आप रोटी, सब्जी के साथ सलाद, दही आदि रखना ना भूलें। यह आपको सिटिंग जॉब के दौरान तरह-तरह की क्रेविंग्स से बचाता है।

#### जंक फूड से बनाएं दूरी

अक्सर यह देखने में आता है कि ऑफिस में चाय के साथ लोग कई बार जंक या फ्राइड फूड खा लेते हैं। हल्की भूख के लिए इस तरह के ऑप्शन आपके शरीर को और भी थका हुआ महसूस करवाते हैं।



## खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू की 166 रन से करारी हार

**रायपुर।** शहीद भाई तारुसिंग फाउंडेशन की ओर से आयोजित 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच देहली खालसा वारियर्स व चंडीगढ़ सिंग्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए देहली की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। जिसमें सिंग देओल की 31 (19 गेंद) रनों की शानदार पारी रही जिसमें उन्होने 3 शानदार छक्के भी लगाए। उनके अलावा गंगासिंग ने 44, जसकरणवीर सिंग 29 व प्रभुप्रीत ने 27 रनों योगदान दिया। चंडीगढ़ सिंग्स की ओर से गुरबेज सिंग ने 38 रन देकर 3 विकेट व साहिब व एन एस लोचन ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी चंडीगढ़ सिंग्स के खिलाडियों ने प्रयास तो किया लक्ष्य तक पहुंचने का लेकिन इससे पहले 8 विकेट पर 158 रन ही बना पाए और 7 रनों से मैच खो बैठे। एन एस लोचम की अर्धशतकीय पारी 54 रन (41 गेंद) के अलावा जोरावर सिंग ने 37 व मनिंदर ने 13 रनों की सहयोगी पारी खेली वहीं 24 एक्स्ट्रा रनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। लेकिन पारी 158 रन



से आगे नहीं बढ़ पायी । देहली के जसकरणवीर सिंग की घातक गेंदबाजी से बल्लेबाजों को मुश्किल हुई उन्होने 4 ओवर में मात्र 12 रन देकर 5 विकेट लिए। इसलिए उन्हे प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके अलावा इंदरप्रीत लाडी ने 2 व सिंग देओल ने 1 विकेट लिए। दूसरे मैच में सिंग ए पंजाब पटियाला ने खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू को 166 रनों से करारी शिकस्त दी। पटियाला की ओर से इंदरप्रीत सिंग की तूफानी पारी 133 रन (52 गेंद) के सामने जम्मू के बालर असहाय नजर आ रहे थे जब उन्होने मैदान के चारो तरफ 14 चौके व 9 छक्कों की बौछार कर दी। उन्हे मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। कुमे अंबाला 31 रन, जसप्रीत 20 रन व जीवनजोत के 18 रन भी 233 (4 विकेट के नुकसान पर) रन के विशाल स्कोर में शामिल रहे। जम्मू के बालर औपचारिकता निभाते दिखे कवलप्रीत को 2,अमन व समान सिंग को 1-1 विकेट मिले। खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू ने आज बेहद ही खराब प्रदर्शन किया मात्र 67 रन में पूरी टीम आउट हो गई,स्थिति ये रही कि पांच खिलाड़ी तो शून्य पर ही आउट हो गए । मात्र राबिन ने 21 व दमनप्रीत ने 27 रन बनाए। पटियाला की ओर से गुरदीप 3,जसकरण व रणजीत ने 2-2 विकेट लिए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए आज टाटीबंध गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, देवपुरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, दयालबाग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बिलासपुर के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## सोकर उठते ही सुनाई दे इन जीवों की आवाज तो खुलने वाली है आपकी किस्मत

हर जीव-जंतु की आवाज सुनाई देने के पीछे अलग-अलग संकेत होते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि अगर कोई व्यक्ति सुबह



उठे और उसे उठते ही इन पशु-पक्षियों की आवाज सुनाई दे तो यह उस व्यक्ति के जीवन में आने वाले सुखद बदलावों का सूचक होता है।

अगर सुबह उठते बिस्तर गाय के रंभाने की आवाज सुनाई और विशेष रूप से ब्रह्म मुहूर्त में सुनाई दे तो इसका मतलब है कि आपको कोई शुभ समाचार जल्दी ही मिलने वाला है। अगर आपका कोई काम लंबे वक्त से अटका हुआ है तो आपको जल्दी ही उस काम के पूरे होने की खबर मिलेगी। कोयल का संबंध केतु ग्रह से है। कोयल की आवाज अगर आपको ब्रह्म मुहूर्त में या सूर्योदय के कुछ समय बाद ही सुनाई दे जाती है तो यह इस बाद का संकेत है कि केतु (केतु को मजबूत करने के उपाय) का दुष्प्रभाव आपक जीवन में कम हो रहा है और केतु ग्रह से आपको शुभनौकरी एवं व्यापार में शुभ परिणाम मिलने वाले हैं। यूं तो कौवे को पितरों का रूप माना जाता है और कौवे से मिलने वाले ज्यादातर संकेत अशुभ ही होते हैं लेकिन ब्रह्म मुहूर्त (ब्रह्म मुहूर्त का उपाय) में या सुबह उठते समय अगर पूर्व दिशा की ओर से कौवे की आवाज सुनाई दे तो इसका अर्थ है कि आपको धन लाभ होने वाला है। आपको कहीं से धन की प्राप्ति होगी।

सुबह के समय उठते बिस्तर अगर घोड़े के हिनहिनाने की आवाज सुनाई दे तो इसका अर्थ है कि आपके जीवन में जल्दी ही सफलता का आगमन होगा। आपको जल्दी ही किसी काम में सफलता मिलेगी और आपके तरक्की के मार्ग भी खुलने वाले हैं।

### कार्नर न्यूज


### ऑफिस की फाइल्स का सीधा संबंध आपके काम व तरक्की से है

# घर में ऑफिस की फाइलें रखते समय दिखाएं अपनी समझदारी, फॉलो करें जरूरी वास्तु टिप्स

कई बार हम घर पर भी अपना ऑफिस का काम करते हैं। ऐसे में ऑफिस प्रोजेक्ट्स से जुड़ी फाइलें घर पर रहती हैं। लेकिन इन्हें घर पर रखते समय आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों का खास ख्याल रखना चाहिए।

यूं तो कहा जाता है कि हमें ऑफिस का काम घर पर नहीं लाना चाहिए। लेकिन जब कभी काम का ओवरलोड होता है या फिर किसी प्रोजेक्ट को समय पर खत्म करना होता है तो हम ऑफिस की फाइल्स को घर ले आते हैं। ऐसे में अपने काम को पूरा करने के लिए हमें अतिरिक्त समय मिल जाता है। लेकिन अक्सर यह देखने में आता है कि लोग काम करते हुए अपनी ऑफिस की फाइल्स कहीं पर भी यूं ही इधर-उधर रख देते हैं। कभी टेबल पर तो कभी बेड के सिरहाने पर ही इन्हें रख दिया जाता है। जबकि यह तरीका सही नहीं है।

ऑफिस की फाइल्स का सीधा संबंध आपके काम व तरक्की से है। इसलिए इन्हें सही तरह से रखना बेहद जरूरी है। जब भी आप इन्हें घर पर रखें तो वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों को जरूर फॉलो करें। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि घर पर ऑफिस की फाइलें



रखते समय किन बातों का ख्याल रखना जरूरी होता है-

#### सही दिशा में रखें फाइलें

ऑफिस की फाइलों को सही दिशा में रखना बेहद जरूरी होता है। हमेशा कोशिश करें कि आप ऑफिस की फाइलों को अपने कमरे की पश्चिम दिशा (पश्चिम दिशा में न रखे ये चीजें) में रखें। अगर इस दिशा में फाइलें रखना संभव नहीं है, तो दक्षिण दिशा की दीवार पर बनी अलमारी में भी ऑफिस की फाइलों को रख सकते हैं।

#### ना रखें ये किताबें

जब भी आप अलमारी में अपनी ऑफिस की फाइल रख रहे हैं तो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें कि उसके साथ आप किसी तरह की धार्मिक पुस्तक आदि ना रखें। दरअसल, धार्मिक पुस्तकें बेहद ही पवित्र मानी जाती है। जबकि ऑफिस फाइल्स में कई तरह की बातें लिखी होती है। हर तरह के बिजनेस में अलग तरह से डील किया जाता है, ऐसे में इन्हें साथ में रखना अच्छा नहीं रहता है।

#### खुली ना हो अलमारी

जब आप घर में ऑफिस फाइल रख रहे हैं तो कोशिश करें कि वह अलमारी खुली ना हो। मसलन, जिस अलमारी (बेडरूम में किस दिशा में रखें अलमारी) में आप फाइलें रखते हैं, उसके पल्ले होने चाहिए, जिससे आप बाद में उसे बंद कर सकें। वास्तु के अनुसार खुली अलमारी में ऑफिस की फाइलें रखना अच्छा नहीं माना जाता है।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'अवतार: फायर एंड एश' की रिलीज से पहले सामने आए ट्विटर रिव्यू

जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में आने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले ही दुनिया भर में इसके



प्रीमियर हो चुके हैं और ट्विटर पर फैंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हॉलीवुड स्टार जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ पेंडोरा में वापसी की दुनिया भर में प्रीमियर के बाद ट्विटर पर शुरुआती प्रतिक्रियाओं के साथ ही प्रशंसा मिल रही है। प्रशंसकों और आलोचकों ने सोशल मीडिया पर इसे साल की सबसे बड़ी सिनेमाई फिल्म बताया है। अवतार फ्रैंचाइजी के फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं आज एक्स पर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर कई फैंस ने अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे अच्छी अवतार फिल्म है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'दिल को छू लेने वाली कहानी, जबरदस्त एक्शन और इतने शानदार सींस कि विश्वास नहीं होता।' फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जेम्स कैमरून ने फिर साबित कर दिया कि बड़े पर्दे का असली मतलब क्या होता है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'यह फिल्म सिर्फ आईमैक्स 3 डी में देखनी चाहिए, वरना मजा अधूरा रह जाएगा।' इस बार फिल्म में नई खलनायिका (ऊना चैपलिन) हैं। इनका रोल लोग बहुत पसंद कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह साल की सबसे खतरनाक और शानदार विलेन हैं।

इस फिल्म में कई एक्शन सीन्स हैं, जो काफी मजेदार ढंग से फिल्माए गए हैं। इन एक्शन सीन्स को लेकर फैंस की राय है कि ये एक्शन सीन्स दिमाग उड़ा देने वाले हैं और यह फिल्म सबसे शानदार फिल्म है। कुल मिलाकर फैंस का कहना है कि यह फिल्म भावनाओं, एक्शन और खूबसूरत सीन्स का परफेक्ट मिश्रण है। फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में 19 दिसंबर को अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी रिलीज होगी। फैंस का मानना है कि पेंडोरा की दुनिया में ये सबसे धमाकेदार वापसी है।

## टॉलीवुड

### रजनीकांत जिसमें खुश हों..वही फिल्म बनाऊंगा : प्रोड्यूसर कमल हासन

बीते दिनों आगामी फिल्म 'थलाइवर 173' के निर्देशन की जिम्मेदारी संभाल रहे सुंदर सी ने फिल्म को बीच में ही छोड़ने का फैसला लिया था। अब



फिल्म के निर्माता कमल हासन ने इसपर बड़ी जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने बड़ी जानकारी देते हुए कहा कि रजनीकांत के साथ यह प्रोजेक्ट आगे भी जारी रहेगा। फिल्म 'थलाइवर 173' के निर्माता कमल हासन ने कहा, 'सुंदर सी ने फिल्म से हटने का कारण पहले ही स्पष्ट कर दिया है। मुझे इसमें और कुछ नहीं कहना है।' आगे उन्होंने बोला- 'मैं एक निर्माता हूं, इसलिए मुझे ऐसी फिल्म बनानी है जो मेरे सुपरस्टार रजनीकांत को संतुष्ट करे। हम तब तक स्क्रिप्ट सुनते रहेंगे जब तक वह उन्हें संतुष्ट नहीं कर देती। हम फिल्म के लिए एक और कहानी खोज रहे हैं जिस पर हम अभिनेता के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं।'

सुंदर सी ने अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के नाम एक नोट लिखा था। इसमें उन्होंने लिखा था कि किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उन्हें फिल्म 'थलाइवर 173' से पीछे हटने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। फिल्म 'थलाइवर 173' का निर्माण राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म में सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हासन दोनों की अदाकारी का रंग जमेगा। यह फिल्म साल 2027 में पोंगल के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## भोजपुरी

### 'मोर मया ल तैं नई जाने' फ्लोर पर आएगी अगले माह

अमन मूव्हीज़ मार्क एवं श्री आदया एंटरटेनमेंट के बैनर तले एक नई छत्तीसगढ़ी फिल्म "मोर मया ल तैं नई जाने" के निर्माण का आधिकारिक ऐलान किया



गया है। फिल्म के निर्माता अलक राय एवं मंजुल ठाकुर हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी भोजपुरी फिल्मों के सुपरहिट निर्देशक मंजुल ठाकुर संभालेंगे। फिल्म की कहानी, पटकथा, संवाद तथा गीत-संगीत की कमान छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध संगीतकार-लेखक जोड़ी प्रेम चन्द्राकर और भूपेन्द्र साहू के हाथों में होगी। टीम के अनुसार फिल्म का शूट जनवरी 2026 से शुरू किया जाएगा। एक औपचारिक बैठक में इस फिल्म के निर्माण की घोषणा की गई। बैठक में निर्माता अलक राय, निर्देशक मंजुल ठाकुर, तथा संगीतकार जोड़ी प्रेम चन्द्राकर–भूपेन्द्र साहू मौजूद रहे। फिल्म में मुख्य कलाकार के रूप में मन कुरैशी, दीक्षा जैस्वाल और इशिका यादव नजर आएँगे।




फैरेल विलियम्स का लुई वुइटन कलेक्शन मेन्सवियर का भविष्य है। न्यूयार्क के शो में इसके स्पिरिचुअल आर्किटेक्चर को आगे बढ़ाते हुए, फैरेल ने लुइस विटॉन स्प्रिंग-समर 2026 कलेक्शन को भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी श्रद्धा के साथ पेश किया है। 2018 में भारत की अपनी पहली यात्रा से प्रेरणा लेते हुए, उन्होंने पारंपरिक मोटिफ्स को एक कंटेंपररी डिज़ाइन लैंग्वेज में पिरोया, ऐसे कपड़े बनाए जो बिना किसी दिखावे के आदरांजलि देते थे।
-

# फुटवियर्स स्टाइलिंग रूल्स को फॉलो करें

शूज अधिकतर लोग पहनना पसंद करते हैं। क्योंकि जूते फैशनेबल बनाने का काम करते हैं। मगर आपको शूज में परफेक्ट लुक पाने के लिए उनको सही तरीके से पहनना होगा। इसके लिए फुटवियर्स स्टाइलिंग रूल्स बनाए गए हैं जिनको फॉलो करने से बात बन जाएगी। इसलिए हम आपके लिए कुछ फुटवियर्स स्टाइलिंग रूल्स यहां बताने जा रहे हैं-

### शूज की क्वालिटी को न करें नजरअंदाज

यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि जूते पहनना कितना महत्वपूर्ण है। ये हमारे पैरों के लिए जरूरी हैं। स्नीकर्स, लोफर्स, ऑक्सफोर्ड या हो किसी भी स्टाइल के शूज उसकी गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करें। आप जूते चुनते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि कैसे शूज चुन रहे हैं। अगर आप क्वालिटी शूज पर पैसे खर्च करेंगे तो वे शूज लंबे समय तक टिकेंगे और देखने में भी सही लगेंगे। हमेशा एक बात याद रखें- क्वालिटी शूज पर पैसा निवेश करना फायदे का सौदा होता है। इस बात को जान लें। जैसे- कई लोग दाम देखकर शूज खरीदते हैं। उस वक्त वे शूज के मैटेरियल्स व अन्य बात को भूल जाते हैं, उन्हें सिर्फ और सिर्फ प्राइज दिखते हैं। इस चक्कर में उनके सस्ते शूज पैरों की त्वचा को खराब करने के साथ-साथ जल्दी फट या कट जाते हैं। जबकि, सही क्वालिटी के जूते खरीदने पर लंबे समय तक चलते हैं।

### अलग-अलग स्टाइल के शूज रखें

अगर जूते के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं तो अलग-




अलग स्टाइल के शूज अपने वार्डरोब में रखें। क्योंकि किसी भी शूज को किसी भी ड्रेस के साथ नहीं पहन सकते हैं। इसके लिए शूज मैचिंग टिप्स जानें। इसलिए कुछ अलग-अलग शूज जरूर रखें।

### लोफर्स, स्नीकर्स , फॉर्मल शूज


आपको कम से कम ऐसे तीन प्रकार के जूते अपने लिए खरीद लेने चाहिए। इसके साथ ही इस बात को ध्यान रखें कि कैसे शूज को किस तरह की ड्रेस के साथ पहनना है। अगर आपने जूते अच्छे खरीद लिए और मैचिंग के साथ पहन लिए तब बारी आती है- बॉटम वियर को नीचे से फोल्ड करने की।

# सर्दियों में स्वेटर में सबसे अलग और क्लासी दिखने अपनाएं ऐसे स्टाइल

सर्दी का मौसम चल रहा है। ऐसे में हर कोई इस कपकपाती ठंड से बचने के लिए स्वेटर या जैकेट पहन रहा है। वहीं, इन दिनों शादियों का भी सीजन है और ऊपर से क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टी भी आने वाली है। ऐसे में लड़के तो फिर भी जैकेट, ब्लेजर, कोट आदि पहनकर खुद को ठंड से बचा लेते हैं, और इससे उनके लुक पर भी कोई असर नहीं पड़ता है। पर लड़कियों के लिए दिक्कत ये होती है कि अगर वो स्वेटर पहनें तो फिर उनके लुक का क्या होगा? पर आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अगर आप चाहें तो कुछ बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तरह स्वेटर कैरी कर सकती हैं, जिससे आपका लुक भी नहीं खराब होगा और आपको एक क्लासी लुक मिल सकता है। तो चलिए जानते हैं। इन अभिनेत्रियों के स्वेटर लुक को कर सकती हैं फॉलोः-







### कटरीना कैफ

आपकी शादी हो गई है और आप चाहती हैं कि आप अभी पहले जैसे ही लुक को कैरी करें और एकदम क्लासी दिखें। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह इस स्वेटर को कैरी कर सकती हैं। इस लुक में वे बेहद प्यारी लग रही हैं।

### कृति सेनन

आप चाहें तो खुद को क्लासी दिखाने के लिए डार्क रंग का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री की तरह आप डार्क ओरेंज रंग का स्वेटर पहन सकती हैं। आप इसे किसी पार्टी में भी कैरी कर सकती हैं, जिसमें आपका लुक काफी अच्छा लग सकता है।

### अनन्या पांडे

इस बार सर्दी के मौसम में आप बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे जैसा सफेद रंग का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ये आपको क्लासी लुक दे सकता है। अनन्या इस फोटो में बेहद प्यार लग रही हैं और इसमें उनकी मदद उनका ये स्वेटर भी कर रहा है।

### परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की तरह स्वेटर कैरी कर सकती हैं और उनके इस लुक को कॉपी कर सकती हैं। सर्दी में ठंड से बचने में और आपको एक खास लुक देने का काम ये स्वेटर कर सकता है।

# चुटकियों में साफ हो जाएगा गर्दन का कालापन, घर बैठे करें ये उपाय

अगर आपकी गर्दन काली नजर आ रही है तो इसे साफ करने के लिए आप शहद और नींबू का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए पहले आपको नींबू का रस एक कटोरी में निकालना होगा। इसमें शहद मिलाना है। फिर इसे उंगलियों की मदद से गर्दन पर लगाना है। इसे कम से कम 15 मिनट तक गर्दन पर लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से अपनी गर्दन को साफ कर लें। इससे आपकी गर्दन का कालापन चुटकियों में कम हो जाएगा। टैनिंग हटाने के लिए अक्सर हल्दी का इस्तेमाल अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। लेकिन आप इसका इस्तेमाल गर्दन के कालेपन (गर्दन को साफ करने के तरीके) को हटाने के लिए भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक कटोरी में 1 चम्मच हल्दी और 1/3 कप दूध मिक्स करना है। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिलाना है। फिर इसे अपनी गर्दन पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल के आपकी गर्दन हफ्ते भर में साफ हो जाएगी। आप चाहे तो गर्दन को साफ करने के लिए पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल भी कर सकती है। इसके लिए आपको पुदीने



की पत्तियों (टैनिंग के घरेलू उपाय) को पीसकर पेस्ट बनाना होगा। फिर इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करना होगा। अब इसे अपनी गर्दन पर अप्लाई करना होगा। फिर 20 मिनट के लिए सूखने देना होगा। इसके इस्तेमाल से आपकी गर्दन का कालापन साफ हो जाएगा।

इन तरीकों को ट्राई करके आप अपनी गर्दन का कालापन कुछ ही दिनों में कम कर सकती हैं। इसके अलावा आप अन्य चीजों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं जिससे गर्दन साफ दिखाई देगी।

# डोरी वाले ब्लाउज खूब जंचेंगे आप पर

अगर आप भी अपनी साड़ी के साथ स्टाइलिश डोरी ब्लाउज डिजाइन कैरी करना चाहती हैं और उसके नए डिजाइंस तलाश रही हैं, तो आपको एक बार हमारे द्वारा दिखाए गए डिजाइंस पर गौर फरमाना चाहिए। आपको बता दें कि बहुत सारे ऐसे ब्रांड्स हैं और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं, जो आपको ब्लाउज के नए डिजाइंस के बारे में जानकारी देते हैं। इनके सोशल अकाउंट्स से भी आप इन डिजाइंस के विकल्पों को देख सकती हैं और रीक्रिएट भी करा सकती हैं।

### डीप ब्लैकलेस डोरी ब्लाउज

इस तस्वीर में आप देख रही होंगी कि मॉडल ने डीप ब्लैकलेस डोरी ब्लाउज कैरी किया हुआ। यह ब्लाउज डिजाइन आप भी अपने लिए रीक्रिएट करा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज डिजाइन के लिए आपको वेलवेट या फिर कोई ऐसा फैब्रिक चुनना चाहिए, जो स्ट्रेचेबल भी हो और बदन चिपक भी जाए। इस ब्लाउज में नेकलाइन में भी डोरी स्टाइल दिया गया है डीप बैक में भी डोरी से ही ब्लाउज को बांधा गया है। इस तरह का ब्लाउज आप नाइट पार्ट में कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ जब आप साड़ी का चुनाव करें तब भी सावधान रहें। सिल्क, ऑर्गेंजा या फिर टिशू की साड़ी के साथ इस तरह के ब्लाउज अच्छे नहीं लगेंगे।



कार्नर न्यूज

## अधूरे विंटर फैशन को कहें बाय-बाय

# इस मौसम में बदलिए पहनावा, कंप्लीट लुक के लिए सिर्फ स्वेटर- जैकेट नहीं इन्हें भी आजमाएं

सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है। इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशन को अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।

दरअसल, हम एक ही चीज को अधिकतर बार देखते और उसको ही पहनते हैं। इसी वजह से हम उससे बाहर नहीं निकल पाते। इसलिए सर्दी में बस हमारा फैशन स्वेटर, जैकेट, मफलर तक ही सिमटकर रह जाता है। जबकि हमारे पास एक नहीं कई विकल्प हैं। इन निम्नलिखित चीजों को आप अपने स्वेटर व अन्य विंटर ड्रेस के साथ



भी पहनकर क्लासी और फंकी लुक पा सकते हैं। कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

### हूडेड श्रग

सर्दी के मौसम में लेयरिंग करना जरूरी होता है। इस मौसम में लेयरिंग करने से सर्दी से राहत मिलने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी मिलता है। लेकिन जैकेट के साथ लेयरिंग करने से बेहतर होगा हूडेड श्रग के साथ करें। ये आपके लुक में थोड़ा नयापन लाएगा।

यदि आपने दोस्तों के साथ पार्टी करने का प्लान किया है तो ऐसे में हूडेड श्रग को पहनकर जाएं। इससे बेहतरीन कैजुअल लुक मिलेगा। ठंड के मौसम में कैजुअल लुक पाने के लिए यह सबसे आसान और बेस्ट है।

### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

ट्रेंच कोट

सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे। अगर आप केवल सिंपल कोट, जैकेट, ब्लेजर आदि पहनते हैं तो फिर एक बार ट्रेंच कोट को विंटर वार्डरोब में शामिल करें।

